

रक्षा मंत्री सोमवार को बेंगलुरु में गैस टरबाइन रिसर्च एस्टेबिलशमेंट के एक कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 48 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## यूपी संविधान सभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर घमासान, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** विधान सभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सोमवार को तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सपा सदस्य संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला। कहा कि सपा पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। मंत्री ने कहा कि सपा बाबा साहेब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। सपा बार-बार आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। सपा शासनकाल में रोजगार मेलों के जरिए सीमित युवाओं को अवसर मिला, जबकि 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक



**मुद्दा**

**सपा संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई**

बड़ी संख्या में युवाओं को निजी संस्थानों में रोजगार मिला है। अब तक साढ़े आठ लाख सरकारी नौकरियां युवाओं को मिल चुकी हैं।

इससे पहले संग्राम यादव व पूजा ने सरकार पर आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग के नाम पर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थायी नौकरियों से बचने के लिए सरकार आउटसोर्सिंग का सहारा ले रही है और 12 से 15 हजार रुपये के वेतन पर युवाओं का शोषण किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग के जरिए पिछड़ों और दलितों के आरक्षण अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है और भर्तियों में आरक्षण नियमों का समुचित पालन नहीं हो रहा है। इस मुद्दे पर सदन में काफी देर तक दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई।

# भारत वैश्विक विकास में निभा रहा अहम भूमिकाः पीएम मोदी

**इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को युवाओं की शक्ति और तकनीकी प्रगति का प्रतीक बताया, दुनिया भर के नेता, विशेषज्ञ और नवोन्मेषक भारत आ रहे हैं, यह देश के लिए गर्व की बात है: प्रधानमंत्री मोदी**

**एआई इम्पैक्ट**

**प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को युवाओं की शक्ति और तकनीकी प्रगति का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के नेता, विशेषज्ञ और नवोन्मेषक भारत आ रहे हैं। यह देश के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समिट भारत के युवाओं की क्षमता को दिखाती है। इससे यह भी साबित होता है कि भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहा है। उन्होंने युवाओं की भूमिका को देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया, दाने तपसि शौचं च विज्ञानं विनये नये। विस्मयो न हि कर्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।। इस सुभाषित का अर्थ है कि पृथ्वी अनेक रत्नों से भरी है। इसलिए ज्ञान, तप, शुद्धता, विनय और नीति जैसे गुणों पर आश्चर्य नहीं करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां दुनिया भर से में एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने आए नेताओं, उद्योग जगत और विशेषज्ञों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों की ताकत से भारत एआई बदलाव में दुनिया के अग्रणी देशों में खड़ा है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि समिट का विषय सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है। इसका मकसद एआई का उपयोग सभी के कल्याण और विकास के लिए करना है। उन्होंने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्योग जैसे कई क्षेत्रों को बदल रहा है। यह समिट एआई के जिम्मेदार उपयोग, नवाचार और सहयोग पर वैश्विक चर्चा को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक ढांचा, मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम और आधुनिक शोध के दम पर एआई में बड़ी प्रगति की है। भारत तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समिट के नतीजे भविष्य को और आधुनिक, नवाचार आधारित और अवसरों से भरपूर बनाने में मदद करेंगे।



### एआई समिट में देश के स्टार्टअप्स दिखाएंगे दम

**नई दिल्ली।** देश में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में गेमिंग और संवादात्मक तकनीक श्रेणी में पांच भारतीय स्टार्टअप्स एआई आधारित नवाचार पेश करेंगे। इन स्टार्टअप्स कंपनियों में यसग्नोम, मेटास्पोर्ट्स, कोयोजो, यूथ बज (ऑरकैडियम) और एवीव्वे को शामिल किया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि ये कंपनियां एआई की मदद से गेमिंग को और मजेदार, आसान और शानदार बनाने वाले नए आइडिया पेश करेंगी। इनमें गेम बनाने का एआई टूल, लाइव क्रिकेट गेम में एआई कमेंट्री, मोबाइल फोन को हाई-लेवल गेमिंग कंसोल में बदलने वाला सिस्टम, इंसान बनाम एआई वाला इंटरैक्टिव गेम और कंपनियों की एआई अपनाने की तैयारियों को जांचने वाला टूल शामिल है। यसग्नोम अपना 'स्केटली एआई' प्लेटफॉर्म दिखाएगा। ये गेम स्टूडियो के लिए आर्ट और एसेट्स (जैसे कैरेक्टर, बैकग्राउंड, एनिमेशन) बहुत तेजी से और एक ही स्टाइल में बनाने में मदद करता है। स्टूडियो अपनी पसंद का स्टाइल सेट कर सकते हैं, जिससे बड़े प्रोजेक्ट में सब कुछ मैच करता रहे। इससे इंडी डेवलपर्स से लेकर बड़े स्टूडियो तक का काम आसान हो जाता है। मेटास्पोर्ट्स अपना 'हिटविकेट' दिखाएगा दुनिया भर में 1.8 करोड़ से ज्यादा यूजर्स वाला क्रिकेट गेम है। मेटा स्पोर्ट इसमें अपना जेनरेटिव एआई कमेंट्री इंजन दिखाएगा, जो लाइव मैच देखकर रीयल-टाइम में कमेंट्री बनाता है और उसे आवाज में भी बोलता है। इससे हर मैच की कहानी अलग और मजेदार लगती है, जैसे असली ब्रॉडकास्ट हो। कोयोजो कंपनी मोबाइल को कंसोल जैसा गेमिंग डिवाइस बनाने वाला इकोसिस्टम ला रहा है। हॉल-इफेक्ट जॉयस्टिक, हैप्टिक फीडबैक, पास-थ्रू चार्जिंग जैसे फीचर्स हैं।

### भारत-विस्तार एप आज होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को जयपुर में देशभर के किसानों के लिए नया डिजिटल साथी भारत- विस्तार लांच करने जा रहे हैं। यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म किसानों को फोन कॉल, चैटबॉट और आगे चलकर ऐप के जरिए मौसम, मंडीभाव, कीट-रोग, मिट्टी, फसल सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर देगा। सोमवार को कृषि मंत्रालय ने जानकारी दी कि भारत विस्तार एप के फेज-1 में यह सुविधा हिंदी व अंग्रेजी में शुरू होगी और महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों के लाखों किसानों तक पहुंचेगी।




अलचिकि लिपि शताब्दी समारोह का उद्घाटन, राष्ट्रपति ने जारी किया स्मारक सिक्का और डाक टिकट।

**नई न्याय संहिताओं के पूरी तरह लागू होने से देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में बड़ा सुधार होगा**

## नई न्याय संहिता से बढ़ेगी दोषसिद्धिः अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नई न्याय संहिताओं के पूरी तरह लागू होने से देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में बड़ा सुधार होगा और दोष सिद्धि दर 80 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। शाह ने दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस पर आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा ने पिछले 12 वर्षों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। कश्मीर (धारा 370 हटने के बाद), पूर्वोत्तर और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा के आंकड़े 80 प्रतिशत तक घटे हैं और इस साल 31 मार्च तक देश को पूरी तरह नक्सल हिंसा से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गृह मंत्रालय का ध्यान नारकोटिक्स नियंत्रण, बॉर्डर सुरक्षा के



आधुनिकीकरण और नई न्याय संहिताओं के पूर्ण क्रियान्वयन पर रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि 2029 से पहले देश इन चुनौतियों से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

अमित शाह ने सोमवार को स्थापना दिवस पर राजधानी के किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने उत्कृष्ट पुलिस कर्मियों को मेडल प्रदान किए और उनके समर्पण, जन सुरक्षा में निभाई जा रही भूमिका और सेवा की सराहना की।

कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस की बेस्ट मार्चिंग टुकड़ी, स्वाट टीम, डॉग स्क्वायड, बैंड यूनिट, मोटरसाइकिल राइडर्स और पीसीआर यूनिट्स ने मार्च पास्ट कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इस दौरान गृहमंत्री ने दिल्ली पुलिस की 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

### अमेरिकी राजदूत ने किया भारतीय सेना के वेस्टर्न कमांड का दौरा, तेज हुई राजनीति

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर सोमवार को अचानक भारतीय सेना के वेस्टर्न कमांड पहुंचे। भारत दौरे पर आये इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जॉन पापारो जूनियर आज ही सेना के इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) हेडक्वार्टर गए और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की। अमेरिकी अधिकारियों के सैन्य प्रतिष्ठान जाने की खबर मिलने के बाद राजनीति तेज हो गई और इनके दौरे पर सवाल उठाये जाने लगे। एडमिरल सैमुअल जॉन पापारो जूनियर 14-19 फरवरी तक भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। सीडीएस के साथ बातचीत में भारत-अमेरिका की मजबूत और बढ़ती रक्षा साझेदारी को फिर से पक्का किया गया।

## संविधान पीठ 7 अप्रैल से सबरीमाला मामले पर करेगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की 9 जजों की संविधान पीठ धार्मिक आस्था बनाम मौलिक अधिकार और सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को प्रवेश देने के मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले के सभी पक्षकारों को 14 मार्च तक लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि 9 जजों की संविधान बेंच 22 अप्रैल तक सुनवाई पूरी कर लेगी। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई का टाइमलाइन तय करते हुए कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता 7 से 9 अप्रैल तक अपनी दलीलें रखेंगे। 14 से 16 अप्रैल तक इस याचिका का विरोध करने वाले पक्ष अपनी दलीलें रखेंगे। 21 फरवरी को याचिकाकताओं की ओर से दोबारा दलीलें रखी जाएंगी। उसके बाद 22 अप्रैल को इस मामले के एमिकस क्यूरी की ओर से दलीलें रखी जाएंगी।

## 'छात्रों को पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 से कक्षा 10 में लागू की जा रही दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली के संबंध में विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा। इसे किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जा सकता। बोर्ड ने 14 फरवरी को जारी अधिसूचना में कहा कि उसे कुछ अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिनमें यह मांग की गई थी कि यदि कोई छात्र किसी कारणवश पहली बोर्ड




परीक्षा में शामिल नहीं हो पाता है, तो उसे सीधे दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए। इस पर सीबीएसई ने अपनी नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि दूसरी परीक्षा, पहली परीक्षा का विकल्प नहीं है, बल्कि यह प्रदर्शन सुधार और पात्र

**स्पष्ट किया**

**पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा: सीबीएसईई**

श्रेणियों के लिए अतिरिक्त अवसर है। अधिसूचना के अनुसार, सभी विद्यार्थियों के लिए प्रथम बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। जो विद्यार्थी पहली परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे, वे विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से अधिकतम तीन विषयों में अपने अंकों में सुधार के लिए दूसरी परीक्षा में बैठ सकेंगे। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में अनुपस्थित रहता है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को एसेंशियल रिपीट श्रेणी में रखा जाएगा और वे अगले वर्ष फरवरी माह में आयोजित मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन विद्यार्थियों का परिणाम पहली परीक्षा में कम्पार्टमेंट आता है।

## हरियाणा सरकार ने सीवरेज और एसटीपी के नियम बदले



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने सीवरेज सिस्टम और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से जुड़े टेंडरों की शर्तों में व्यापक बदलाव करते हुए निर्माण के साथ-साथ लंबी अवधि तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदारों पर तय कर दी है। नई व्यवस्था के तहत परियोजनाओं को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। इनमें 40 एमएलडी तक के एसटीपी, 40 एमएलडी से बड़े एसटीपी और बिना ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) वाले सीवरेज सिस्टम शामिल हैं।

सरकार ने नये नियमों में हर श्रेणी के लिए अलग लागत बंटवारा, डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी), ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओएंडएम) अवधि तथा सुरक्षा राशि व परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (पीबीजी) की स्पष्ट शर्तें तय कर दी हैं। 40 एमएलडी तक की क्षमता वाले एसटीपी के लिए कुल परियोजना लागत का 80 प्रतिशत हिस्सा निर्माण (कैपिटल वर्क) और 20 प्रतिशत ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के लिए निर्धारित किया गया है। 80 प्रतिशत कैपिटल कॉस्ट में से 40 प्रतिशत पैसा सिविल वर्क और 40 प्रतिशत मैकेनिकल वर्क पर खर्च होगा। 20 प्रतिशत इलेक्ट्रिकल व इंस्ट्रूमेंटेशन पर जाएगा। बड़े एसटीपी के लिए शर्तें और कड़ी हैं।

यहां कुल लागत का 51 प्रतिशत पैसा कैपिटल वर्क और 49 प्रतिशत ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के लिए तय किया गया है । लंबी अवधि का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) लागू होगा। इन परियोजनाओं में कुल 11 साल का डिफेक्ट लाइबिलिटी-कम-मेंटेनेंस पीरियड रहेगा।

**विधानसभा सत्र** *आर्थिक चुनौतियों के बावजूद राज्य में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बंद नहीं की जाएगी, बिजली बोर्ड का निजीकरण नहीं होगा :सीएम*

## आरडीजी पर विधानसभा में चर्चा, विपक्ष-सरकार आमने सामने

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** 16वें वित्त आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश सहित 17 राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद किए जाने के मुद्दे पर सोमवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा में चर्चा शुरू हुई। यह चर्चा विपक्ष के विरोध के बीच आरंभ हुई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस विषय का उल्लेख पहले ही राज्यपाल के अभिभाषण में हो चुका है और बजट पर चर्चा के दौरान भी सदस्य इस पर अपने विचार रख सकते हैं, इसलिए अलग से सरकारी संकल्प लाकर चर्चा कराना उचित नहीं है। इसके बावजूद सरकार ने नियम



102 के तहत संकल्प सदन में पेश किया।

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट कहा कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद राज्य में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली बोर्ड का निजीकरण नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से पूछा कि क्या वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मिलकर प्रदेश का पक्ष रखने को

**चर्चा**

**सीएम ने विपक्ष से पूछा कि क्या वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मिलकर प्रदेश का पक्ष रखने को तैयार हैं**

तैयार है। उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों का दूरगामी असर होगा और सरकार इस मुद्दे पर पूरी मजबूती से लड़ाई लड़ेगी। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने संकल्प प्रस्तुत करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 275 और 280 के तहत हिमाचल को 5वें से 15वें वित्त आयोग तक राजस्व सहायता अनुदान मिलता रहा है, लेकिन 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार ने इसे अगले वित्त वर्ष से बंद करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में आर्थिक संकट के हालात बन गए हैं। संकल्प में केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राजस्व घाटे के अनुरूप आरडीजी की राशि फिर से प्रदान की जाए। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यह मुद्दा किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि प्रदेश की 75 लाख जनता के हितों से जुड़ा है।

### देश का निर्यात जनवरी में 0.61 फीसदी बढ़कर 36.56 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद देश का निर्यात जनवरी माह में सालाना आधार पर 0.61 फीसदी बढ़कर 36.56 अरब डॉलर हो गया है। निर्यात में यह बढ़ोतरी वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक संकेत है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का निर्यात जनवरी में सालाना आधार पर 0.61 फीसदी बढ़कर 36.56 अरब डॉलर हो गया। जनवरी में आयात 19.2 फीसदी बढ़कर 71.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# कांग्रेस की तरह समाजवादी पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी: मुख्यमंत्री

अगर यही हाल रहा तो कांग्रेस की तरह समाजवादी पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी, ये दल देश की अस्मिता, संस्कृति और आस्था से खिलवाड करते हैं। कांग्रेस ने तो भगवान राम और कृष्ण को मिथक कर दिया था जबकि सपा ने जन्माष्टमी से लेकर अयोध्या की परिक्रमा तक पर रोक लगी दी थी: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अभिभाषण**

सपा ने जन्माष्टमी से लेकर अयोध्या की परिक्रमा तक पर रोक लगी दी थी: सीएम योगी





**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी ( सपा ) और कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर यही हाल रहा तो कांग्रेस की तरह समाजवादी पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी। ये दल देश की अस्मिता, संस्कृति और आस्था से खिलवाड करते हैं। कांग्रेस ने तो भगवान राम और कृष्ण को मिथक कर दिया था जबकि सपा ने जन्माष्टमी से लेकर अयोध्या की परिक्रमा तक पर रोक लगी दी थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने लोकमाता महारानी अहिल्या बाई होलकर की काशी विश्वनाथ धाम में प्रतिमा लगाई है, जबकि कांग्रेस और सपा के लोग राम मंदिर का, मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और काशी विश्वनाथ का विरोध करते हैं। इतना ही नहीं सपा के लोग कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव तक का विरोध करते हैं, कांग्रेस इनसे भी आगे है और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में राम के अस्तित्व को ही नकार दिया।

**कांग्रेस से सबक ले सपा**
राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा को कांग्रेस से सीखना चाहिए क्योंकि अपने आचरण के कारण ही विधान परिषद में कांग्रेस नहीं है तो सपा भी आने वाले दिनों में यहां नहीं दिखेगी। उन्होंने कहा कि सपा के सदस्य कोई भी ऐसा आचरण न करें, जो समाज में विभेद पैदा करता हो। जिम्मेदार विपक्ष के रूप में भूमिका का निर्वहन करें। राज्यपाल का आभार व्यक्त करें। विपक्ष के लोग भी सर्वसम्मिति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करें। यदि किसी उद्यमी को किसी भी स्तर पर परेशानी होती है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## जनपद स्तर पर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने यहां आए हर फरियादी से स्वयं मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया कि लखनऊ आने से पहले अपनी समस्याओं को लेकर जनपद व मंडल स्तर पर तैनात अधिकारियों से जरूर मुलाकात करें। वहां भी हर अधिकारी



आमजनों की समस्याओं के उचित निराकरण

के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किन्हीं कारणों से वहां समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा हो, तो अवश्य लखनऊ आएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हर परेशान व्यक्ति की समस्या का निदान सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी हर हाल में जनपद स्तर पर ही पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण करें। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान कुछ उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने हर एक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) एवं जिला प्रशासन को तत्काल और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है और सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं।

## हमारी सरकार में आशा वर्कर का मानदेय हुआ दोगुना : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई तब से आशा वर्कर का मानदेय दो गुना बढ़ा दिया गया है। हम इस बात को स्वीकार करते हैं कि आशा वर्कर हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। इसीलिए हमारी सरकार उनकी चिंता करती है। प्रश्नकाल के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि वर्तमान में आशाओं द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में किये गये कार्यों के सापेक्ष 3500 रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। आशाओं को अन्य विभिन्न गतिविधियों में भी किये गये कार्यों के सापेक्ष प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में आशाओं को नियमित गतिविधियों हेतु देय प्रोत्साहन राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रति आशा प्रतिमाह किया गया है। आशाओं को वर्ष 2022 से राज्य बजट से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 750 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह किया गया है।

## फिजिकल एजुकेशन अनिवार्य करने की मांग पर सकारात्मक संकेत

जनता दर्शन कार्यक्रम में एक नागरिक ने बेसिक शिक्षा परिषद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव को गंभीरता से लेते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल और शारीरिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही अवैध कब्जों और पुलिस से जुड़े मामलों में भी अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल भुगतान सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दे रहा एनपीसीआई

**एचटीटीपीएस**

वेबसाइट के पते में एचटीटीपीएस देखें आधिकारिक डोमेन नाम जांचें और अनचाहे लिंक पर क्लिक करने से बचें

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना,दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है।यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है कि वे छोटी छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन देन इतिहास में सुरक्षित रहता है।जैसे जैसे डिजिटल भुगतान का उपयोग बढ़ रहा है ठग भी सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से लोगों को धोखा देने के प्रयास बढ़ा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों को लक्षित करने वाले कुछ सामान्य धोखाधड़ी के तरीके इस प्रकार है, डिजिटल अरेस्ट,निवेश धोखाधड़ी, यदि कोई निवेश बहुत अच्छा लग रहा है तो संभवत वह धोखाधड़ी है,फिशिंग/विशिंग घोटाले,टेक सपोर्ट धोखाधड़ी, रिफंड और पेमेंट लिंक धोखाधड़ी । नेशनल पेमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया वरिष्ठ नागरिको को डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न तरीकों से जागरूक करता रहता है।कभी भी अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे यूपीआई पिन,ओटीपी,पासवर्ड,बैंक खाता विवरण या लॉगिन क्रेडेंशियल साझा न करें। अनजान लिंक पर क्लिक न करें और कॉल करने वालों या स्वयं को अधिकारी बताने वाले अजनबियों द्वारा साझा किए गए ऐप इंस्टॉल न करें। निवेश करने से पहले सेबी,आरबीआई या अन्य आधिकारिक नियामक वेबसाइट पर संबंधित संस्था की जांच करें। वेबसाइट के पते में एचटीटीपीएस देखें आधिकारिक डोमेन नाम जांचें और अनचाहे लिंक पर क्लिक करने से बचें।

# जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा में सेंध, परिसर में अवैध रूप से उड़ाए जा रहे हैं ड्रोन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा:** गौतमबुद्ध नगर थाना जेवर में एयरपोर्ट की सुरक्षा में लगी एक सिक्योरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले तीन दिनों से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के परिसर क्षेत्र में अवैध रूप से ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा में लगी सिक्योरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर कृष्णकांत पांडे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले दो-तीन दिनों से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के परिसर में अवैध रूप से ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। ये ड्रोन गांव रनहेरा-कुरैब से झाझर रोड की दिशा से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करते हैं, तथा कुछ समय पश्चात पुनः उसी दिशा में वापस चले जाते हैं। उन्होने बताया कि भारत सरकार द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का क्षेत्र ड्रोने के संचालन के लिए नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया गया है एवं सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने आशंका जताई है कि इस तरह की गतिविधियां एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223,289 और 125 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फसल बीमा में 'खराबा' बड़ा, मुआवजा 'जीरो'! खुलीं गड़बड़ियों की परतें

**जांच की आंच**

कई जिलों में बीमा कंपनियों और बैंकों के फर्जीवाड़े उजागर हुए हैं। पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को विधानसभा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सामने आई गंभीर अनियमितताओं का खुलासा करते हुए कहा कि कई जिलों में बीमा कंपनियों और बैंकों के फर्जीवाड़े उजागर हुए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच एसओजी से करवाई जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले के करणपुर में निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाला मामला सामने आया। बीमा कंपनी के सर्वेयर ने इंटीमेशन फार्म पर किसान, कृषि पर्यवेक्षक और राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर खुद ही कर दिए। 1.70 लाख फार्म की जांच में 32 हजार ऐसे पाए गए, जिनमें फसल खराबा ह्यशून्यह्न दशार्या गया, जबकि वास्तविक नुकसान 50 से 70 प्रतिशत तक था। इससे किसानों के करीब 128 करोड़ रुपये प्रभावित हुए।
रावला में इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रथम दृष्टया क्षेमा इन्श्योरेन्स कम्पनी को दोषी पाया गया है और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इस कंपनी को आगे टेंडर न देने का आग्रह किया गया है।

# नैनीताल-उत्तरकाशी के जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी व नैनीताल जिलों के न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की धमकीभरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। सोमवार को संबंधित जिलों में न्यायालय परिसरों और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कहीं भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। राज्य मुख्यालय देहरादून से सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और न्यायालय परिसरों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धमकी की सत्यता की जांच की जा रही है। साइबर सेल ईमेल और संदेशों की तकनीकी पड़ताल में जुटी है ताकि प्रेषक की पहचान की जा सके।

फिलहाल किसी भी स्थान पर विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। नैनीताल में शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह ईमेल मिलने के बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया।

# संस्कार और संस्कृति ही भारत की पहचान: त्रिवेंद्र रावत



**भजन-कीर्तन**

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों ने माहौल को पूरी तरह शिवमय बना दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** लक्सर क्षेत्र के मुंडा खेड़ा कला गांव स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर परिसर में नर्मदेश्वर शिवलिंग स्थापना दिवस पर आयोजित धार्मिक समारोह में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के अलावा राज्य के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सिंह सैनी इस समारोह में शामिल हुए। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर नर्मदेश्वर शिवलिंग पर पुष्प अर्पित किए और क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस मौके पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये समाज को जोड़ने, संस्कारों को सहेजने और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का कार्य करते हैं। गांवों की यह धार्मिक परंपरा हमारी सनातन संस्कृति की असली शक्ति है। उन्होंने मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।
गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सिंह सैनी ने कहा कि नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। जब गांव एकजुट होकर धर्म और संस्कृति के कार्य करता है, तब राष्ट्र स्वतः मजबूत होता है। उन्होंने मंदिर समिति और ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों ने माहौल को पूरी तरह शिवमय बना दिया।

# विधेयक पारित, भदोही एवं शाहजहांपुर में बनेंगे विवि



**उच्च शिक्षा**

ग्रामीण, पिछड़े और वंचित क्षेत्रों तक विश्वविद्यालय पहुंचाने की दिशा में ठोस निर्णय लिए जा रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 में योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित करा लिया। सदन में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत दोनों विधेयक बहुमत से पारित हुए। सदन में प्रस्ताव रखते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम मानकर कार्य कर रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण, पिछड़े और वंचित क्षेत्रों तक विश्वविद्यालय पहुंचाने की दिशा में लगातार ठोस निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। मंत्री उपाध्याय ने बताया कि संशोधन विधेयक के तहत ज्ञानपुर, जनपद भदोही स्थित काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को उन्नत कर विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे आसपास के 23 महाविद्यालयों का संबद्धीकरण संभव होगा और क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के बेहतर अवसर मिलेंगे। द्वितीय संशोधन विधेयक के माध्यम से शाहजहांपुर स्थित मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट की शैक्षिक इकाइयों को उच्चीकृत कर स्वामी सुखदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। अपनी चल - अचल द्वारा अपनी भूमि और संसाधन सरकार को हस्तांतरित कर विश्वविद्यालय स्थापना में सहयोग दिया गया है।

इस दौरान दुश्मन के ठिकानों का पता लगाने और आर्मी की मदद करते हुए हवाई हमले और बमबारी की प्रैक्टिस की जाएगी

# वायु सेना का फुल ड्रेस रिहर्सल 24 को, बॉर्डर पर ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर होगी बमबारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जैसलमेर।** राजस्थान के बॉर्डर इलाके में जैसलमेर के पोकरण में 27 फरवरी को वायु सेना 'वायु शक्ति' के जरिये अपनी ताकत दिखाएगी। दो साल में एक बार होने वाले इस युद्धाभ्यास का नाम वायु शक्ति रखा गया है। 24 फरवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। मुख्य कार्यक्रम 27 फरवरी को है। इस दौरान दुश्मन के ठिकानों का पता लगाने और आर्मी की मदद करते हुए हवाई हमले और बमबारी की प्रैक्टिस की जाएगी। एयर मार्शल नागेश कपूर ने बताया कि इस साल होने वाले अभ्यास में फाइटर जेट, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। अभ्यास का उद्देश्य वायुसेना की मारक क्षमता, तकनीक और स्वदेशी हथियारों की भूमिका को दिखाना है। यह युद्धाभ्यास केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया को यह संदेश देने का प्रयास है कि भारतीय वायुसेना दुश्मन के घर में घुसकर हमला करने और उसे नेस्तनाबूद करने की पूरी क्षमता रखती है। इस अभ्यास में वायु सेना के 277 अत्याधुनिक हथियार देखने को मिलेंगे। इस बार 150 किलो का आरपीए यानी रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट भी पहली बार कमाल दिखाएगा। ये हवा में किसी बाज की तरह कई घंटों तक मंडराता रहता है और टारगेट मिलते ही मिसाइल बनकर उससे टकरा जाता है।




इस अभ्यास के दौरान करीब 12 हजार किलो गोला-बारूद का उपयोग किया जाएगा। अभ्यास के दौरान गोलाबारी के लिए वायु सेना के 77 फाइटर जेट्स और 43 हेलीकॉप्टर्स को तैनात किया गया है। इस बार रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट यानी मानवरहित विमानों को पहली बार सार्वजनिक रूप से इतने बड़े स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। भविष्य के युद्धों में ड्रोन और आरपीए की भूमिका अहम होगी। इसलिए, वायु शक्ति में शॉर्ट रेंज लोइटरिंग म्यूनिशन (कामिकेज ड्रोन) और काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम जैसे एडवांस वेपन सिस्टम का जलवा दिखेगा। ये दिन, शाम और रात हर समय मिशन को अंजाम देने में सक्षम हैं।

**काला हिरण शिकार मामला : हाईकोर्ट जज का सुनवाई से इनकार**
राजस्थान हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फाइल को किसी अन्य बेंच के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई दूसरी बेंच करेगी। दरअसल साल 1998 के इस मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान की सजा के खिलाफ अपील और राज्य सरकार की ओर से सह आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दायर लीव टू अपील पर संयुक्त सुनवाई होनी थी। तकनीकी प्रक्रियाओं और बेंच बदलने के कारण अब इस मामले की कानूनी प्रक्रिया में नया समय तय होगा। मामला सितंबर-अक्टूबर 1998 का है, जब फिल्म हम साथ साथ हैं की शूटिंग के दौरान कांकाणी गांव की सरहद पर दो काले हिरणों का शिकार किया गया था।

# ऋषि चिंतन की ज्योति से आलोकित हुआ डी.ए.वी. स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती एवं ह्यऋषि बोध उत्सवह्व का गरिमामय आयोजन (11 से 15 फरवरी) वेदों के अमर प्रवक्ता, सामाजिक जागरण के अग्रदूत एवं आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की पावन जयंती एवं ह्यऋषि बोध उत्सवह्व के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल, जगाधरी गेट,अंबाला शहर में 11 फरवरी से 15 फरवरी तक विविध कार्यक्रमों की प्रेरणादायी श्रृंखला आयोजित की गई। समस्त आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी के मार्गदर्शन में तथा आर्य युवा समाज, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में संपन्न हुए।





11 फरवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन-यज्ञ से हुआ। यज्ञ में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी बोर्ड परीक्षाओं में सफलता हेतु मंगलकामनाएँ की गईं। विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद के सत्य, स्वाध्याय और निडरता के सिद्धांतों पर चलने का प्रेरक संदेश दिया गया। वेदमंत्रों की पवित्र ध्वनि से सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से स्पंदित हो उठा।

13 फरवरी को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भजनोपदेशिका श्रीमती श्वेता आर्य ने स्वामी दयानंद द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों, स्त्री-शिक्षा के समर्थन और कुरीतियों के उन्मूलन के संघर्ष को मधुर गीतों के माध्यम से सजीव किया। कक्षा नौवीं के छात्र भाव्य वर्मा ने अत्यंत प्रभावशाली एवं संतुलित मंच संचालन से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। पुलकित, नवनिका एवं श्रेया द्वारा प्रस्तुत ओजपूर्ण कविताओं ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। सारस्वत मोहन मनीषी जी की रचनाओं के सस्वर पाठ द्वारा विद्यार्थियों ने आर्य समाज की वैचारिक परंपरा को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

14 फरवरी को आर्य युवा समाज, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में ह्यगुदगुदी जंक्शनह्व के सहयोग से एक कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवियों ने स्वामी दयानंद के जीवन-दर्शन पर सारगर्भित प्रस्तुतियाँ दीं एवं अपनी रचनाओं के माध्यम से ऋषि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

15 फरवरी को समस्त शिक्षकगण ने सामूहिक सहभागिता के साथ उत्सव का समापन किया। प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी दयानंद के आदर्श—सत्यनिष्ठा, शिक्षा, समानता और राष्ट्रसेवा—आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस युग में थे, और इन्हें जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। यह उत्सव केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर वैदिक चेतना की पुनर्स्मृति और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

# खुशप्रीत ने मनी पहलवान को पटखनी देकर बटोरी वाहवाही

**बाबैन, 16 फरवरी (शंकर लाल)** महाशिवरात्रि मेले के उपलक्ष्य में रामसरन माजरा में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी है।

दंगल में दूसरे दिन हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। युवा पहलवान खुशप्रीत ने मनी पहलवान को व दीपक अयोध्या ने विनोद मेरट को पटखनी देकर दर्शकों में बटोरी वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर अशोक मखाला, माना सहारण पुर, करण गुढ़ा, सुमित शाहबाद,मोन्टु दिल्ली, बिल्ला मखाला, दीप मखाला, सुरेन्द्र कालवा, श्यामसुन्दर यारा, अमित कुरुक्षेत्र, गुरबकल चण्डीगढ़, युधवीर पानीपत, जोगिन्द्र हिमाचल, सन्नी जीरकपुर, बिल्लू मेरठ सहित सैंकडों पहलवानों ने कुश्ती में अपने मुकाबले जीते। ग्राम पंचायत रामसरन माजरा द्वारा आयोजित दूसरे दिन के दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ अमित सैनी ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। दंगल में पहलवानों की रोमांचक कुश्तियां हुईं, जिनमें पहलवानों ने दांव-पेंच और ताकत का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। भारी भरकम पहलवानों की मुकाबले वाली भी देखने लायक रही। कई मुकाबले बराबरी पर छूटे, जबकि कुछ में निर्णायक जीत दर्ज कर विजेता पहलवानों को ग्राम पंचायत रामसरन माजरा द्वारा नकद पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि 100 से अधिक वर्षो से महाशिवरात्रि मेले में दंगल की परंपरा चली आ रही है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। दंगल में पहलवानों को संबोधित करते हुए अमित सैनी ने युवाओं से अपील की कि वे कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों से जुडकर अपनी प्रतिभा को निखारें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें।

## न्यूज फ्लैश

### शाहाबाद में शैम रॉक इंटरनेशनल स्कूल की ग्रैंड ओपनिंग, किफायती फीस में बेहतर एजुकेशन का दावा



**शाहाबाद(प्रदीप कुमार)**बराड़ा रोड पर स्थित शैम रॉक इंटरनेशनल स्कूल की ग्रैंड ओपनिंग धूमधाम से की गई। इस मौके पर इलाके के गणमान्य लोग, अभिभावक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर की गई।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि उनका मकसद बच्चों को मॉडर्न और क्वालिटी एजुकेशन देना है, वो भी किफायती फीस में। उन्होंने कहा कि आज के समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार और आत्मविश्वास देना भी जरूरी है। स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट और डिसिप्लिन पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। प्रबंधन के अनुसार, शैम रॉक इंटरनेशनल स्कूल की शाखाएं देश के कई राज्यों में चल रही हैं और अब तक करीब 4 लाख से ज्यादा बच्चे यहां से पढ़ चुके हैं। स्कूल का दावा है कि बच्चों की शिक्षा के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और अनुभवी टीचर्स के जरिए बेहतर माहौल दिया जाएगा।

स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, साफ-सुथरा कैंपस और खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अभिभावकों ने भी कहा कि शाहाबाद में इस तरह के इंटरनेशनल स्तर के स्कूल की जरूरत थी, जिससे बच्चों को बाहर भेजने की जरूरत न पड़े।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार द्वारा चलाई जा रहीं एक महत्वपूर्ण योजना है। जिससे आम नागरिकों को काफी लाभ मिल रहा है। यह योजना जहां एक ओर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, वहीं दूसरी ओर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल के चलते सोलर रूफटॉप सिस्टम अब अत्यंत किफायती हो गया है। पात्र परिवारों को दी जा रही सब्सिडी के कारण सोलर सिस्टम लगवाना लगभग निःशुल्क के समान हो गया है। जिन उपभोक्ताओं के लिए प्रारंभिक निवेश करना संभव नहीं है, उनके लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट बिजली उत्पादन करता है, जिससे मासिक उत्पादन करीब 300 यूनिट तक पहुंच जाता है। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और इससे बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है। सरकार ने आय वर्ग के अनुसार सब्सिडी को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके। अंत्योदय परिवार (वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक एवं वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक) को 2 किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपये तथा हरियाणा सरकार से 50 हजार रुपये, कुल 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। तीन लाख रुपये तक वार्षिक आय एवं 2400 यूनिट वार्षिक खपत वाले परिवारों को 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार रुपये और प्रदेश सरकार से 20 हजार रुपये, कुल 80 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

# कल प्रातः 11:00 बजे कृषि यंत्रों का निकाला जाएगा ऑनलाइन ड्रॉ

**भिवानी, 16 फरवरी।** राज्य योजना (एसबी-89) वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के किसानों को 45 एचपी एवं उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर तीन लाख प्रति इकाई अनुदान प्रदान किए जाने हेतु विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उन किसान आवेदकों के लिए 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत भवन, भिवानी में कृषि यंत्रों का ऑनलाइन ड्रॉ निकाला जाएगा। सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह ने ये जानकारी देते हुए इस योजना के अंतर्गत कुल 1209 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि विभाग को 84 ट्रैक्टरों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्राप्त आवेदनों की संख्या लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा उपायुक्त-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ ऑफ लॉट्स (लॉटरी प्रणाली) के माध्यम से किया जाएगा। ये ड्रा 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन, भिवानी में डीएलईसी की बैठक आयोजित की जाएगी।

# युवक को 70 ग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निदेर्शानुसार जिला पुलिस का नशा तस्करों पर प्रहार लगातार जारी है। इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक युवक को 70 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर उसे रिमांड पर लिया जाएगा

इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि धीमान कॉलोनी के पास एक व्यक्ति नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। इस




सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश, एएसआई अमित, मुख्य सिपाही ललित ,अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घूम रहे संदिग्ध युवक को काबू किया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट एळड वीरेंद्र सिंह को मौके पर बुलाया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 70 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान दुर्गा गार्डन कॉलोनी जगाधरी निवासी अंकुश उर्फ कुश पुत्र गोपाल कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर उसे रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान आरोपी से यह पता लगाया जाएगा की वह नशे की खेप कहां से लाता था और किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। जिले में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट सहित 6 मुकदमे दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है। एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टीम केवल कार्रवाई ही नहीं बल्कि आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का कार्य भी लगातार कर रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी को नशा बेचने या तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी मिले तो वह बिना किसी डर के पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

# समाधान शिविर में आमजन की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याएं सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने प्रार्थियों की समस्याओं को संबंधित को मार्क करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। सभी विभागों के अधिकारी अपने विभाग से जूडी लोगों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करवाएं।



समाधान शिविरों के माध्यम से जो भी शिकायतें प्राप्त होती है, संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें। इस दौरान उन्होंने लम्बित शिकायतों बारें भी जानकारी हासिल की और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

शिविर में गांव सम्भालखा से मोहन लाल अपनी फैमिली आईडी में पारिवारिक आय कम करवाने को लेकर पंहुचे, बलदेव नगर से गुरमीत सिंह ने राशन कार्ड बनवाने बारें, ऐसे ही रतनगढ से जोगिंदर सिंह ने पारिवारिक प्रमाण पत्र में आय

# ज्योति शर्मा फिर से बनी जिला परिषद प्रधान

**पानीपत।** जिला परिषद प्रधान पद का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कड़े सुरक्षा प्रबंधों और प्रशासनिक निगरानी के बीच हुए इस चुनाव में पूर्व प्रधान ज्योति शर्मा को ड्रा के माध्यम से विजयी घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत जिला परिषद के सभी 16 सदस्यों ने ईवीएम के माध्यम से मतदान किया।चुनाव में प्रधान पद के लिए पूर्व प्रधान ज्योति शर्मा और सुदेश मैदान में थीं। दोनों को 8-8 मत प्राप्त हुए। बराबरी की स्थिति बनने पर निर्वाचन नियमों के अनुसार ड्रा निकाला गया, जिसमें ज्योति शर्मा के नाम की पर्ची निकली।

# ब्रह्माकुमारी जग्गी कॉलोनी में मनाया महाशिवरात्रि



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** महाशिवरात्रि के इस पवित्र मंगलमय पर्व पर सुप्रीम लाइट हाउस जग्गी कॉलोनी में शिवरात्रि महोत्सव बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजयोगी भ्राता भारत भूषण जी, डायरेक्टर ज्ञान मानसरोवर पानीपत से, आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर, चांदनी पुरी, अध्यक्ष ह्यूमन राइट काउंसिल बिजनेस सेल हरियाणा, ओमकार जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिरकत की । आज के इस प्रोग्राम की शुरूआत परमात्मा की याद के सुंदर गीत के साथ की गई। दीप प्रज्वलन के द्वारा सभी महानुभावों ने इस सत्र की शुरूआत की। संस्था की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने अपने व्याख्यान में कहा कि शिवरात्रि अर्थात परमात्मा के अवतरण का यह मंगलमय समय है जब परमात्मा आकर के हमारी बुद्धि का तीसरा नेत्र खोलते है। समझ देते है कि तुम कौन हो और स्वयं को पहचान कर अब बुराइयों को छोड़ शुद्ध बनो। पानीपत से पधारे आदरणीय भ्राता भारत भूषण जी जो कि पानीपत में स्थित ज्ञान मानसरोवर के डायरेक्टर हैं, भ्राता जी 1978 से ब्रह्माकुमारी संस्था में समर्पित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं,भ्राता जी अनेक प्रकार के व्याख्यान अनेक स्थानों पर दिए हैं।

**शिवमय**

**भ्राता भारत भूषण जी जो कि पानीपत में स्थित ज्ञान मानसरोवर के डायरेक्टर हैं**

आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर जी दिव्य शक्ति अखाड़ा सहारनपुर से पधारे, उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि परमात्मा जो निराकार है वह जब आते हैं उनका दिन मनाते हैं। परंतु वह जन्म नहीं लेते जब वह ब्रह्मा के तन का आधार लेकर आते हैं तो जयंती मनाते हैं।

# महाशिवरात्रि पर मानव उत्थान सेवा समिति का वृक्षारोपण अभियान

**नितिन सिंगला जगाधरी**

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में विश्व विख्यात आध्यात्मिक सद्गुरु देव श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में श्री हंस ज्योति मंदिर जगाधरी की ओर से गांव नागली-32, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर (हरियाणा) में महान वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान स्टोन क्रेशर जोन में सड़कों के किनारे व पार्कों में लगभग 250 पौधे रोपे गए। इनमें मुख्य रूप से फलदार वृक्ष जैसे जामुन, अमरूद, आम तथा औषधीय वृक्ष अर्जुन, अशोका,



बेरड़ा, आंवला आदि के बड़े पौधे लगाए गए।सद्गुरु देव श्री सतपाल जी महाराज ने अपने संदेश में कहा, ह्लवृक्ष हैं जहां, जीवन है वहां।ह्व उन्होंने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। पर्यावरण की शुद्धि, पर्याप्त ऑक्सीजन, पृथ्वी के कटाव को रोकने और पर्याप्त वर्षा के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक है। यदि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन और शुद्ध वातावरण देना है तो वृक्षारोपण अनिवार्य है। वृक्षों से हमें फल, इमारती लकड़ी और विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियां प्राप्त होती हैं, जो मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।समिति के शिष्य पवन कुमार गोयल ने बताया कि मानव उत्थान सेवा समिति एक अखिल भारतीय सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था है, जिसके संस्थापक सद्गुरु देव श्री सतपाल जी महाराज हैं। संस्था जरूरतमंद लोगों के लिए राशन, वस्त्र व कंबल वितरण, निशुल्क दवा वितरण, मेडिकल चेकअप, रक्तदान शिविर, सफाई अभियान तथा वृक्षारोपण जैसे अनेक सामाजिक कार्य निरंतर करती रहती है। समिति का मुख्य उद्देश्य अध्यात्म ज्ञान का प्रचार-प्रसार कर मानव की सुप्त आत्मा को जागृत करना है।

# दो गांवों को मिले नए ट्यूबवेल, चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने किया शिलान्यास

**यमुनानगर।** जिला परिषद यमुनानगर के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने सढौरा ब्लॉक के गांव ठसका तथा व्यासपुर ब्लॉक के गांव मिल्क खास में लगभग 16-16 लाख रुपये की लागत से स्थापित किए जाने वाले ट्यूबवेलों के कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन रमेश चंद ने कहा कि जिला परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास



किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन ट्यूबवेलों के स्थापित होने से दोनों गांवों में पेयजल की उपलब्धता में सुधार होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए और विकास कार्यों को पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए।

ग्रामवासियों ने ट्यूबवेल परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए जिला परिषद चेयरमैन का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**पानीपत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार आज पानीपत में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों—ट्रेड डील, बुढ़ापा पेंशन में कटौती, हरियाणा लोक सेवा आयोग में अनियमितताएँ तथा राशन कार्ड कटौती—के विरोध में मिनी सचिवालय के सामने, पुल के नीचे, कांग्रेस पार्टी द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया।

पानीपत (ग्रामीण) के अध्यक्ष रमेश मलिक व पानीपत (शहरी) अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। प्रदर्शन के उपरांत जिला उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर जनविरोधी निर्णयों को वापस लेने की माँग की गई। बिजेंद्र सिंह कादियान, सचिन कुंडू, बलबीर बाल्मीकि, बुल्ले शाह, सरदार बलजीत सिंह, बलवान बाल्मीकि, कंवर सिंह छोकर, खुशी राम जागलान, धर्मबीर मलिक, सुप्रिया रतन, मोहकम छोकर, ओमबीर पंवार, डी.पी. ग्रोवर, रीतमोहन शर्मा, संजय गर्ग, पवन स्वामी, सुभाष भटला, सुभाष तंवर, फरकान नरवाल, मदनलाल मजोका, सुभाष गिल, संतोष शर्मा, सतेंद्र जांगड़ा, चुघ, बजिंदर गांजबड़, विकास रोसे, भूपिंदर मलिक, विजय जैन, बलवान सेवादल, राजबीर सेवादल, मनीष कुटानी, रूबल संधू, संदीप बेनीवाल, अंकित सहरावत सहित अनेक कांग्रेसजन।

# एसडीएम ने विभागीय कार्यो व लंबित मामलों की समीक्षा बैठक ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ा:** बराड़ा के उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) सतीन्द्र सिवाच ने अपने कार्यालय में राजस्व विभाग, नगरपालिका, पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागीय कार्यों और लंबित मामलों की समीक्षा कर उनमें तेजी लाना रहा। बैठक के दौरान एसडीएम ने इंतकाल, जमाबंदी, कोर्ट केस, स्टाम्प ड्यूटी, सीएम विंडो, सीपी ग्राम, जन संवाद, जन समाधान




शिविर, सीएम अनाउंसमेंट तथा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल सहित विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से कोर्ट केसों के लंबित मामलों पर जानकारी लेते हुए तहसीलदार और पटवारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि अदालतों से जुड़े मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी निपटान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जनगणना-2027 के लिए डीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**भिवानी, 16 फरवरी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जनगणना-2027 को लेकर अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने बताया कि जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनगणना-2027 का कार्य विधिवत रूप से एक मई में शुरू होगा। जनगणना के लिए सक्षम अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएंगी। जनगणना डिजिटल मोड में होगी।

डीसी श्री गुप्ता ने अधिकारियों को जनगणना-2021 की अनुदेश पुस्तिकाओं को जल्द से जल्द निष्क्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्स के माध्यम से तकनीकी सहायक व एमटीएम की नियुक्ति दो मार्च से पहले करने के निर्देश दिए ताकि उनकी ट्रेनिंग समय पर हो सके। उन्होंने किसी भी देश-प्रदेश की विकास नीतियों और योजनाओं का आधार जनगणना होती है। जनसंख्या के अनुरूप ही नीतियां निर्धारित की जाती हैं। प्रत्येक विभाग द्वारा भविष्य की संभावनाओं तथा वर्तमान आवश्यकताओं को आधार मानकर ही अपनी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जनगणना के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की



ड्यूटी लगाई जाएंगी, जिनको अप्रैल माह में प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीसी ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य पूरी तरह से डिजिटल मोड में किया जाएगा। इसके लिए एचएलओ के नाम से एक मोबाइल एप बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले एक मई से मकानों को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें मकान का एरिया, बिजली, पानी, सीवरेज, इंटरनेट केबल, वाहन आदि सुविधाओं को अंकित किया जाएगा। इसके बाद आम जनमानस की गणना का कार्य होगा।बैठक के दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने जिला में जनगणना से संबंधित संसाधनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डीसी श्री गुप्ता को जनगणना के बारे जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग हिपा गुरुग्राम में 24 से 27 फरवरी को होगी तथा ये मास्टर ट्रेनर दो मार्च को सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों को ट्रेनिंग देंगे। इसके अलावा अप्रैल तक ट्रेनिंग दी जाएगी।

बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम भिवानी महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार तथा एसडीएम तोशाम प्रदीप अहलावत, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल व एसडीएम सिवानी विजया मलिक वीसी से जुड़े, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, तहसीलदार जयबीर सिंह, तहसीलदार तोशाम अशोक कुमार, एडीएसओ रणबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, ईओएमसी राजाराम, सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी रणबीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक ने यातायात को सुचारू रूप से चलाने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले यातायात पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया है।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने यातायात पुलिस के होमगार्ड राजेश कुमार, एसपीओ बलविन्द्र सिंह व एसपीओ कुलदीप कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और उत्कृष्ट ड्यूटी निभाने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि वे धूप, धूल और कठिन परिस्थितियों में खड़े रहकर आम जनता की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में यातायात व्यवस्था को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों

**सम्मानित किया**

**पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है**

को प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने उनके समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मियों को भविष्य में भी इसी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया तथा आम नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# गांव बापोड़ा में जारी सांग महोत्सव, सांगी वेद प्रकाश की मंडली ने जमल-फते सांग का किया मंचन

**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम, 16 फरवरी :** जिला के गांव बापोंड़ा स्थित बाबा पंचवीर गौशाला में इन दिनों लोक संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय सांग महोत्सव के छठे दिन बतौर मुख्य अतिथि गजेंद्र फोगट ओएसडी एवं क्षेत्रीय निदेशक हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल और महंत अमरदास ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गजेंद्र फोगट ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार पंजीकृत गौशालाओं को निरंतर आर्थिक मदद पहुँचा रही है। फौगाट ने



कहा कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, मूत्र और गोबर औषधीय गुणों से भरपूर है, जो अनेक रोगों का नाश करता है। उन्होंने अपील की कि हर परिवार को अपने घर में कम से कम एक गाय जरूर पालनी चाहिए।

इस दौरान सांगी वेद प्रकाश की मंडली ने मुगलकालीन पृष्ठभूमि पर आधारित ऐतिहासिक सांग जमल-फते का शानदार मंचन किया। सांग के माध्यम से जोधपुर रियासत के वीर जमल की शौर्य गाथा दिखाई गई। कहानी में दिखाया गया कि कैसे बड़े भाई बीरम दे की मृत्यु के बाद छोटे भाई माल दे के मन में राज्य के प्रति खोट आ गया। जमल की माता ने सूझबूझ से अपने पुत्र को सुरक्षित निकाला और कुंभानेर में उसकी परवरिश की। सांग के उस दृश्य ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए, जब जमल ने अपनी वीरता के दम पर अलग रियासत 'मेड़ता' बसाई और अकबर की सेना के खिलाफ अदम्य साहस दिखाते हुए वीरगति प्राप्त की।

**विशेष बैठक**

**गौ सेवा के लिए सरकार तत्पर, सरकार का उद्देश्य हर घर में हो एक गाय : गजेंद्र फौगाट**

गौशाला पहुंचने पर गजेंद्र फोगट का फूल-मालाओं, स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। महंत अमरदास को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने हरियाणा कला परिषद का इस सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पवन प्रधान, सरपंच सुग्रीव सिंह, सरपंच सुल्तान सिंह, सरपंच राजेंद्र सिंह, रामफल कोच,

## गौवंश तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने गौवंश तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को राजस्थान के अलवर जिले से काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बबताया कि चार जनवरी 2026 की रात गौरक्षा दल कैथल की टीम ने सूचना के आधार पर प्रताप गेट स्थित काली माता मंदिर के पास एक बंद बॉडी कंटेनर को रोका था।

# चेंज लीडर के माध्यम से लड़कियों के पुनः नामांकन हेतु जागरूकता रैली

**पानीपत , ( कमल चौधरी )** ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा ह्यटीम चेंज लीडरह्व के माध्यम से क्षेत्र में लड़कियों के पुनः नामांकन के लिए एक अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य उन लड़कियों को पुनः विद्यालय से जोड़ना है जो वर्तमान में स्कूल नहीं जा रही हैं या जिन्होंने बीच में अपनी पढ़ाई छोड़ दी है।

अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें टीम चेंज लीडर, स्थानीय समुदाय, अभिभावक, शिक्षक एवं युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के महत्व




पर प्रकाश डाला गया और अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी लड़कियों का अगले शैक्षणिक सत्र में दोबारा स्कूल में नामांकन कराएं।

रैली के दौरान शिक्षा से जुड़े प्रेरणादायक नारे लगाए गए तथा घर-घर संपर्क कर समुदाय को जागरूक किया गया। ब्रेकथ्रू की इस पहल को गांव के लोगों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ब्रेकथ्रू के और ब्रेकथ्रू के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# चनारथल में अवैध कब्जे पर चला प्रशासन

**रिपोर्टर प्रदीप कुमार शाहबाद**

**शाहबाद:**--शाहबाद ग्राम पंचायत चनारथल में सोमवार को जिला प्रशासन ने अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंचायत की जमीन को मुक्त कराया। करीब पांच वर्षों से 3 से 4 परिवारों द्वारा किए गए कब्जे को हटवाने के लिए प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और शांतिपूर्वक कार्रवाई को अंजाम दिया।

बताया गया है कि जिस भूमि पर कब्जा किया गया था, वहां पंचायत की धर्मशाला और पानी का ट्यूबवेल स्थित है। पंचायत



की ओर से कई बार संबंधित परिवारों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माण हटवाया। कार्रवाई के दौरान हल्की नोंकझोंक भी हुई, हालांकि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में रही। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# निगाणा कलां की बेटी खुशी ने खेल जगत में गाड़ा झंडा

## 22वीं कॉर्पबॉल फेडरेशन कप तृतीय रही टीम, गांव निंगाना कला की बेटी खुशी बनीं बेस्ट प्लेयर

**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम, 16 फरवरी :** 13 से 15 फरवरी तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के खेल परिसर में आयोजित 22वीं कॉर्पबॉल फेडरेशन कप में गांव निगाणा कलां की बेटी खुशी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ना केवल अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, बल्कि पूरे टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में खुशी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। खुशी, जो 10 गाड्र्स यूनिट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं, ने अपनी फुर्ती और सटीक गोल दागने की क्षमता से दर्शकों और चयनकताओं का दिल जीत लिया। खुशी की इस उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव निगाणा कलां में जश्न का माहौल है। जैसे ही उनकी जीत और बेस्ट प्लेयर चुने जाने की खबर पहुंची, ग्रामीणों ने



उनके दादा और पिता को बधाई देना शुरू कर दिया। इस मौके पर विजेता खिलाड़ी खुशी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय दादा केदार सिंह सांगवान, पिता हवलदार रामोतार व कोच राजप्रीत सिंह औलक को देते हुए कहा कि कहा कि यह जीत मेरे कड़े अभ्यास और मेरे परिवार व कोच के अटूट विश्वास का परिणाम है। 10 गाड्र्स यूनिट और मेरे कोचों ने मुझे जो मंच दिया, उसके लिए वे आभारी है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड जीतना है। एक सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाली खुशी ने साबित कर दिया कि अनुशासन और मेहनत रगों में दौड़ती है। खुशी के दादा केदार सिंह सांगवान व पिता हवलदार रामोतार ने कहा कि परिजनों के लिए इससे बड़ा गर्व क्या होगा कि उसकी बेटी खेल के मैदान में सराहनीय उपलब्धियां हासिल कर रही है। उसने अपनी मेहनत से आज निगाणा कलां का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी लाडली ने आज जो मुकाम हासिल किया है, वह गांव की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगा। हम चाहते हैं कि वह इसी तरह आगे बढ़े और देश का गौरव बढ़ाए। टूनार्मेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहाँ खुशी को उनकी उत्कृष्ट खेल भावना के लिए सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में प्राचीन शिवालय मंदिर रामसरन माजरा में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन

**बाबैन, 16 फरवरी (शंकर लाल) :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में प्राचीन शिवालय मंदिर रामसरन माजरा में दूसरे दिन विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस भंडारे का आयोजन शिव मानस मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन गांव के लोगों के सहयोग से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। शिवालय मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। कमेटी सदस्यों एवं सेवादारों ने पूरी निष्ठा और सेवा भाव से हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी सेवा कार्य में बढ़-चढकर. भाग लिया। मंदिर प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि का यह पर्व क्षेत्र की आस्था का केंद्र है और हर वर्ष इसी प्रकार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग से ही ऐसे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं। इस अवसर पर मेला परिसर में विशाल बाजार भी लगा था जिसमें, महिलाओं, बच्चों व अन्य लोगों ने जमकर खरीदारी की।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर किया विकास : कैलाश सैनी

**लाडवा, 16 फरवरी (शंकर लाल)** आज मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी व जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी लाडवा विधानसभा के गुढ़ा मण्डल के गांव धनोरा जट्टान पहुंचे जहाँ गांव के सरपंच सुभाष चन्द ने साथियों सहित भाजपा की नीतिओं से प्रभावित होकर भाजपा ज्वाइन की।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में बनी भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन के रास्ते पर चलते हुए हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है और इस मूलमंत्र के माध्यम से सुशासन पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाडवा विधानसभा के गांवों व शहरों में करवाए जा रहे विकास कार्यों को देखते हुए रोजाना दूसरी पार्टियों को छोडकर नेता भाजपा पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी के साथ मिलकर सरपंच धनोरा जाटान सुभाष चंद, दिलबाग सिंह, नमन, अशोक, मिंटू, राजीव ने साथियों के साथ भाजपा में ज्वाइन करवाया। इस मौके पर गुढा मंडली अध्यक्ष नरेंद्र दबखेडा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सैनी, महामंत्री जगदीप, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश लोहाट, बूथ अध्यक्ष राजेश, बूथ अध्यक्ष बंटी कश्यप भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही खुशी का दिन है। आज हमारे बीच में नए साथी जुड़ रहे हैं, जो हमारी पार्टी की ताकत को और भी मजबूत बनाएंगे। उन्होंने सभी नए साथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी। इसके साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को घर-घर से पहुंचाने की अपील की।

प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी हैं, जहां पर प्रत्येक कार्यकर्ता की सुनवाई होती है। एक-एक कार्यकर्ता को पूरी तवज्जो दी जाती है। मेहनत करने वाले कार्यकताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार दूसरी पार्टियों को छोडक? नेता भाजपा को ज्वाइन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलना है और देश को मजबूत बनाना है। हमारा लक्ष्य है कि हम अपने देश को दुनिया का सबसे मजबूत और समृद्ध देश बनाएं। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के हर वर्ग के लिए रोजाना नई नीतियों को लागू कर उन्हें लाभ पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री तक जो भी समस्या पहुंचती है, उसका समाधान किया जा रहा है।

प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। प्रदेश में सरकार द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में पुलों के निर्माण, सडकों के नव-निर्माण एवं मुरम्मत के कार्यों की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर किया विकास: कैलाश सैनी

**मूलमंत्र**

**विकास कार्यों को देखते हुए रोजाना दूसरी पार्टियों को छोडकर नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 16 फरवरी (विजय कौशिक)** आज मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी व जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी लाडवा विधानसभा के गुढ़ा मण्डल के गांव धनोरा जट्टान पहुंचे जहाँ गांव के सरपंच सुभाष चन्द ने साथियों सहित भाजपा की नीतिओं से प्रभावित होकर भाजपा ज्वाइन की। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में बनी भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन के रास्ते पर चलते हुए हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है और इस मूलमंत्र के माध्यम से सुशासन पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाडवा विधानसभा के गांवों व शहरों में करवाए जा रहे विकास कार्यों को देखते हुए रोजाना दूसरी पार्टियों को छोडकर नेता भाजपा पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी के साथ मिलकर सरपंच धनोरा जाटान सुभाष चंद, दिलबाग सिंह, नमन, अशोक, मिंटू, राजीव ने साथियों के साथ भाजपा में ज्वाइन करवाया। इस मौके पर गुढा मंडली अध्यक्ष नरेंद्र दबखेडा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सैनी, महामंत्री जगदीप, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश लोहाट, बूथ अध्यक्ष राजेश, बूथ अध्यक्ष बंटी कश्यप भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही खुशी का दिन है। आज हमारे बीच में नए साथी जुड़ रहे हैं, जो हमारी पार्टी की ताकत को और भी मजबूत बनाएंगे। उन्होंने सभी नए साथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी। इसके साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को घर-घर से पहुंचाने की अपील की।
प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी हैं, जहां पर प्रत्येक कार्यकर्ता की सुनवाई होती है। एक-एक कार्यकर्ता को पूरी तवज्जो दी जाती है। मेहनत करने वाले कार्यकताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार दूसरी पार्टियों को छोडक? नेता भाजपा को ज्वाइन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलना है और देश को मजबूत बनाना है। हमारा लक्ष्य है कि हम अपने देश को दुनिया का सबसे मजबूत और समृद्ध देश बनाएं। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के हर वर्ग के लिए रोजाना नई नीतियों को लागू कर उन्हें लाभ पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री तक जो भी समस्या पहुंचती है, उसका समाधान किया जा रहा है।
प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं।

# एसडीएम प्रदीप अहलावत ने किया जल घर का निरीक्षण

**निरीक्षण**

**लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति आपूर्ति ही प्रशासन का प्रयास: प्रदीप अहलावत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
तोशाम 16 फरवरी ।एसडीएम प्रदीप अहलावत ने सोमवार को जल घर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति आपूर्ति ही प्रशासन का प्रयास है। एसडीएम ने जल संरक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करके अधिकारियों से बारीकी से जानकारी ली।
एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करवाई जा रही है। उन्होंने जल घर बने स्टोरेज टैंक का निरीक्षण करने उपरांत कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी आपस में तालमेल करके बेहतर पेयजजल सप्लाई करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तोशाम जल घर में भारत की सबसे सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। उन्होंने प्रयोगशाला का निरीक्षण कर वहां पर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सब डिविजनल अभियंता विक्रम पूनिया, जांच लेबोरेटरी के इंचार्ज डॉक्टर राजीव कुमार और कनिष्ठ अभियंता योगेंद्र सिंह भी साथ मौजूद रहे। एसडीएम प्रदीप अहलावत को एसडीओ विक्रम पूनिया ने पेयजल सप्लाई के लिए जल घर में पानी के संरक्षण पानी की सप्लाई फिल्टर करके भेजने सहित सभी जानकारियां विस्तृत रूप से दी। वही लेबोरेटरी के इंचार्ज रसायन वैज्ञानिक राजीव कुमार ने बताया कि तोशाम स्थित जल घर में प्रयोगशाला क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से प्रमाणित है। यहां आकर कोई भी व्यक्ति अपने पेयजल की जांच करवा सकता है। इसके अलावा जिला जल संरक्षण विभाग ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रणाली पर भी यह व्यवस्था की गई है और सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायत को भी इसके साथ जोड़ा गया है। ताकि वे अपने गांव में होने वाली पेयजल सप्लाई की यहां जांच करवा लें।

# शासन और प्रशासन किसानों के साथ: एसडीएम प्रदीप अहलावत



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम,16 फरवरी** ।एसडीएम प्रदीप अहलावत की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय में बागनवाला, भूरटाना, किरावड़ व अन्य गांवों किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई। इससे पहले कई बैठके किसानों के साथ हो चुकी है। प्रशासन, बिजली कंपनी के अधिकारियों और किसानों की सयुक्त बैठक आयोजित की गई। जहां प्रशासन द्वारा बिजली कंपनी के अधिकारी और किसानों के साथ एक संयुक्त बातचीत करके जल्द ही किसानों को उनकी सहमति से मुआवजा दिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि यह पावर ग्रिड लाइन सिवानी से सोनीपत तक जाएगी। जिसमें तोशाम उपमंडल के 13 गांव से गुजरेगी। तोशाम उपमंडल के भेरा, मिरान, दरियापुर, छप्पार जोगियान, छप्पार रांगडान, पिंजोखरा, डाडम,बागनवाला, तोशाम, अलखपुरा, सागबन और भूरटाना गांव के खेतों से होकर यह बिजली लाइन गुजरेगी।
एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि तीन सर्वे एजेंसियां जमीनों के कलेक्ट्रेट तय कर रही है, इसमें एक किसानों की तरफ से, एक प्रशासन की तरफ से और एक बिजली कंपनी की तरफ से नियुक्त की गई है। तीनों सर्वे कंपनी द्वारा अपने अपने रेट बंद लिफाफे में दिए जाएंगे। जमीनों के रेट के बंद लिफाफों को किसानों के साथ बैठक में खोलकर गांव वाइज रेट तय किए जाएंगे। बंद लिफाफा में आए रेटो के दो लिफाफों के रेट के बीच का रेट की धनराशि का रेट किसानों की सहमति से तय किया जाएगा।
एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि किसानों की सहमति से ही बिजली के टावर उनके खेतों में लगेंगे। एसडीम ने कहा कि जहां टावर लगेगा जमीन का तय रेट से दोगुना रेट किसानों को मिलेगा और जहां तार जाएंगे वहां पर 46 मीटर तक तय रेट से 30 प्रतिशत राशि का मुआवजा किसानों को दिया जाएगा।

## अब 28 फरवरी तक ले इग्नू में दाखिला: डॉ धर्म पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमल चौधरी )**
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी 2026 कर दी है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, ताकि वे अभ्यर्थी जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें एक और अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि इग्नू में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ये कार्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

## संघर्ष को जीवन का मूलमंत्र बनाकर हर लक्ष्य को किया जा सकता प्राप्त : सुभाष कलसाना

**शाहाबाद : (प्रदीप कुमार)**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसाना में 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के तौर पर सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में पहुंचने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता अरोड़ा और स्टाफ सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सुभाष कलसाना व उनके साथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए सुभाष कलसाना ने बताया कि वह स्वयं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसाना के छात्र रह चुके हैं। सुभाष कलसाना ने अपील की कि वे तनाव रहित होकर परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की बात पर बल दिया। सुभाष कलसाना ने स्वामी विवेकानंद के उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए वाक्य को अपने जीवन का मंत्र बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संघर्ष को जीवन का मूलमंत्र बनाकर हर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा चलायी जा रही शिक्षा योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। सुभाष कलसाना ने अपने साथ आए हुए भाजपा मंडल महामंत्री एडवोकेट मंदीप रावा, गुलशन सैनी, रोहित सैनी, गौरव सैनी, श्याम रावत और विशाल राणा के साथ मिलकर आशीर्वाद स्वरूप विद्यार्थियों को कार्डबोर्ड और पेन वितरित करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

**न्यूज फ्लैश**

### डीएलएफ फेज 4 में रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विशाल हिन्दू समेलन

**गुरुग्राम।** 15 फरवरी को डीएलएफ पार्क, सेक्टर 28, गुरुग्राम में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रहा जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, हिन्दू जीवन पर उद्बोधन एवं भंडारा का उत्साहपूर्ण कार्यक्रम रहा जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के रूप में 500 से ज्यादा लोगों की भागीदारी रही।
स्थानीय डीएलएफ सोसाइटी के निवासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डीएलएफ सिटीजन फोरम के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र चतुर्वेदी जी, आर्य समाज के आचार्य अनिल जी, स्थानीय आरएसएस कार्यकर्ता उमेश चंद गोयल जी, आरएसएस के सम्पर्क प्रमुख श्री चारुकीर्ति जी और कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती प्रतिमा मनचंदा जी ने दीप प्रज्वलन एवं श्री राम तथा भारत माता के चरणों मे पुष्पार्पण से किया।
सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों द्वारा गणेश वंदना एवं शिवस्तुति के साथ बिक्रम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय भजन के शिवरात्रि का आनंद उपस्थित जन समुदाय ने लिया। गुरुद्वारे से पधारे रागी सरदार ने भगवान राम और शिव के भजनों से लोगों का मन मोह लिया। आचार्य अनिल जी ने हिन्दू जीवन पद्धति और सामाजिक चुनौतियों पर बात की।
नरेंद्र चतुर्वेदी जी ने हिन्दू धर्म के सनातन और शास्त्र, विज्ञान सम्मत होने और राष्ट्र सेविका समिति की प्रान्त सह कार्यवाहिका श्रीमती प्रतिमा मनचंदा जी ने आरएसएस के 100 वर्षों का इतिहास उपस्थित जन समुदाय के सामने रखा। प्रतिमा जी ने उपस्थित लोगों से आरएसएस द्वारा जन जागरण अभियान के माध्यम से पंच परिवर्तन को स्वयं से प्रारम्भ करके समाज तक ले जाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम गायन और भोजन प्रसाद के साथ रहा।
कार्यक्रम में स्थानीय डीएलएफ फेज 4की लगभग सभी आरडब्ल्यूए विंडसर कोर्ट, रिजवुड, रीजेंसी पार्क, हिबिस्कस पार्क, ऑर्किड क्रिसेंट आदि सोसाइटी के बंधु, मातृशक्ति और बच्चे उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में आरएसएस के प्रचार विभाग की तरफ से आये हुए श्रद्धालुओं हेतु सनातन धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र जागरण का साहित्य स्टॉल रहा।

### ब्रिज भारत ने पद्मश्री ललिता वकील के साथ फिल्डस ऑफ चम्बा श्रृंखला प्रस्तुत की

**नई दिल्ली 16 फरवरी 2026:**भारतीय पारंपरिक शिल्प के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ब्रिज भारत ने 'फिल्डस ऑफ चम्बा' नामक शोध-आधारित चंबा रूमाल श्रृंखला प्रस्तुत की है। यह परियोजना एक वर्ष तक चले अभिलेखीय अध्ययन, वनस्पति अनुसंधान और रचनात्मक विकास पर आधारित है, जिसे पद्मश्री सम्मानित शिल्प पुनरुद्धारक ललिता वकिल और हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र की महिला कारीगरों के सहयोग से साकार किया गया। श्रृंखला का विषय चम्बा वैली की स्थानीय वनस्पतियाँ हैं। देशी फूलदार झाड़ियाँ, पूजनीय वृक्ष, जंगली लताएँ और मौसमी पौधे—जो क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं—उन्हें पारंपरिक दो-तरफा चंबा कढ़ाई तकनीक में रूपांतरित किया गया है।ब्रिज भारत की रचना टीम ने ऐतिहासिक चंबा रूमालों की संरचना और टाँकों का अध्ययन कर नए चित्र प्रारूप विकसित किए। इसके बाद हिमालयी वनस्पतियों पर किए गए शैक्षणिक शोध के आधार पर डिजाइन तैयार कर उन्हें पारंपरिक शैली में कढ़ाई के माध्यम से साकार किया गया।परियोजना में 13 महिला कारीगरों ने 1,000 से अधिक घंटों का श्रम लगाया। श्रृंखला में हाथ से बुनी बंगाल मलमल और रेशमी धागों का उपयोग किया गया है। यह सीमित-संस्करण संग्रहणीय वस्त्र-कला कृतियों के रूप में तैयार की गई है। ब्रिज भारत की संस्थापक आकांक्षा सिंह ने कहा, यह पहल शोध, परंपरा और समकालीन रचनात्मकता का समन्वय है। हमारा उद्देश्य चंबा रूमाल की विरासत को संरक्षित करते हुए कारीगरों के लिए स्थायी और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करना है।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा रोहट मंडल के हरसाना कलां गाँव में बैठक आयोजित



**सोनीपत /टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता युवा मोर्चा रोहट मंडल के हरसाना कलां गाँव में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में युवा मोर्चा जिला महामंत्री सुमित अंतिल मीडिया प्रभारी एवँ युवा मोर्चा रोहट मंडल प्रभारी रोहित शर्मा जिला मीडिया सह प्रभारी सुमित गर्ग , मंडल अध्यक्ष परवीन शर्मा ,दोनों मंडल महामंत्री रघुनंदन राठी एवं अश्वनी व समस्त युवा मोर्चा रोहट मंडल की टीम मौजूद रही।
बैठक में पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को गाँव-गाँव तथा बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। युवा मोर्चा के आगामी कार्यकर्मों और शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गए कार्यों को टीम के साथ साझा किया।
एक बूथ पर 10 यूथ जोड़ने के लिए विचार विमर्श किया गया। युवा मोर्चा रोहट मंडल अध्यक्ष परवीन शर्मा और उनकी टीम ने आश्वस्त किया कि उनकी पूरी टीम मंडल प्रभारी रोहित शर्मा के साथ मिलकर जो भी जिम्मेवारी शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें दी जाएगी उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाकर पूरा करेंगे।

# समाधान शिविर में उठी ड्रेनेज की समस्या पर उपायुक्त सख्त

**समाधान शिविर**

***आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बन रहा है समाधान शिविर-**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 16 फरवरी** झ उपायुक्त सतपाल शर्मा ने सेक्टर-21 पार्ट-3 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा उठाई गई ड्रेनेज की समस्या का संज्ञान लेते हुए नगर निगम को एक सप्ताह के भीतर समाधान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आयोजित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे।
रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि सेक्टर-21 पार्ट-3, पंचकूला में कुछ मकानों में ड्रेनेज पाइपलाइन की समस्या के कारण जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा हो रही है। इस पर उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर आगामी सोमवार तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।
श्रीमती ममता रानी ने गलत खाते में बिजली बिल का भुगतान होने की शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि समान अकाउंट नंबर होने के कारण उन्होंने यूएचबीवीएन के बजाय डीएचबीवीएन के खाते में बिल जमा कर दिया। कई बार अनुरोध करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उपायुक्त ने बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी को 15 दिनों के भीतर त्रुटि को दूर कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
गांव श्यामटू निवासी सतीश कुमार ने कनौली से श्यामटू तक मार्केटिंग बोर्ड द्वारा निर्मित सड़क में अनियमितताओं की शिकायत की। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने सड़क के कुछ हिस्से में बिना उचित आधार तैयार किए सीधे मिट्टी पर टाइलें लगा दीं। उन्होंने गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्टोन डस्ट डालकर दोबारा टाइलें लगाने की मांग की। इस पर उपायुक्त ने पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को 5 दिनों में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
समाधान शिविर के दौरान गांव चाकली बड़ी शेर भोज और गांव दलाना भोज दराड़ा, तहसील मोरनी के निवासियों ने कृषि भूमि की सिंचाई के लिए वाटर टैंक निर्माण की मांग रखी। उपायुक्त ने सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, पंचकूला को इस संबंध में पूर्ण विवरण सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 शिकायतें सुनी गईं। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि नागरिकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# सात दिवसीय बेटी उत्सव 2026 के तहत अनूठा संदेश देगी भिवानी की नन्हीं बेटी आरोही

**संदेश**

**हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर हैं आरोही व नव्या भारद्वाज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी ।**
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियों को संस्कारवान बनाओ 2026 अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश देते हुए सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने अपनी 10 वर्षीय पुत्री आरोही का जन्मोत्सव सात दिवसीय बेटी उत्सव, सड़क सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण अभियान 2026 के रूप में मनाया।
अभियान की शुरूआत हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में पौधारोपण के साथ की गई, जहां भारतीय संस्कृति के अनुरूप पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जन्मोत्सव के अवसर पर नन्हीं आरोही ने केक काटने की परंपरा से हटकर फलदार पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर माता अंजु भारद्वाज, पिता अशोक भारद्वाज, बड़ी बहन नव्या तथा सहेलियों ने पौधे भेंट कर उसे प्रोत्साहित किया। उपस्थित लोगों से भी अपील की गई कि वे बेटियों के नाम पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण में योगदान दें।
महंत चरणदास महाराज ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित वातावरण देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार भी आवश्यक हैं। वहीं विवेकानंद हाई स्कूल भिवानी की संचालिका सावित्री यादव एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक ने भी बेटियों को शिक्षित व संस्कारित बनाने पर बल दिया। अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि वे वर्ष 2012 से एक बेटी एक पेड़ह्व मिशन चला रहे हैं। इस वर्ष अभियान को वन महोत्सव और प्लांट्स फॉर द मदर जैसी थीम से जोड़ा गया है। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही भारद्वाज अपने जन्मोत्सव के चौथे दिन एनएच मार्ग पर अनूठा संदेश देकर 10वां जन्मदिन मनाएंगी। उल्लेखनीय है कि आरोही और उनकी बड़ी बहन नव्या भारद्वाज पूर्व में भी अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर प्रेरक संदेश देती रही हैं।

# ब्रह्मज्ञान से ही सच्ची प्रेमा भक्ति संभव



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ पंचकूला/ 16 फरवरी, 2026:*** संत निरंकारी मिशन का एक दिवसीय निरंकारी संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन अध्यक्षता में मेरठ के बागपत में भव्य रूप से आयोजित हुआ। समागम में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने सहभागिता कर सतगुरु के दिव्य प्रवचनों से अपने जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान की।
श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत सत्संग में सतगुरु माता जी ने फरमाया कि परमात्मा से सच्चा प्रेम तभी संभव है जब उसका वास्तविक परिचय हो। केवल नाम लेने से नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा को जानकर उसे जीवन में धारण करके ही प्रेमा भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।
सतगुरु माता जी ने उदाहरण सहित समझाया कि परमात्मा एक ही है, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जाए। जिस प्रकार एक ही मैदे से अनेक प्रकार के व्यंजन बनते हैं, उसी प्रकार मूल तत्व एक ही रहता है। इसी तरह जल, बर्फ और भाप रूप बदलते हैं, पर उनका तत्व (ल्र2ड) एक ही होता है। वैसे ही समस्त सृष्टि के कण-कण में एक ही निराकार परमात्मा विद्यमान है।
सतगुरु माता जी ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत अनमोल है क्योंकि इसी में परमात्मा की प्राप्ति संभव है। यह मनुष्य पर निर्भर है कि वह अज्ञान में जीवन बिताए या जागरूक होकर प्रेम, क्षमा, सेवा और सद्भाव को अपनाए। सच्ची भक्ति भय, स्वार्थ या चतुराई से नहीं, बल्कि निष्काम प्रेम से की जाती है।
मनुष्य सेवा, सुमिरन और सत्संग से जुड़कर मानवता के गुणों को अपनाए, किसी को कष्ट न पहुँचाए और क्षमा व प्रेम का व्यवहार रखे। परमात्मा का प्रेम अमीर-गरीब, ऊँच-नीच या किसी भेदभाव में भेद नहीं करता; वह सभी पर समान रूप से बरसता है।

# संपादकीय

## सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि लिखा कितना अच्छा है, बल्कि यह बन गया है कि लिखा किसने है और किस तरह लिखा है। जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है। समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है—बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुजरे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है। यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना, और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन—यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है—भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित, और भावनात्मक रूप से उचित। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है। क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखाई देती है, और वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हजारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि मैं गलत भी हो सकता हूँ?

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# अय्यर के बयानों से अब कांग्रेस में हंगामा



अजय कुमार

> "बहरहाल,अय्यर ने आज भले ही कांग्रेस के खिलाफ हमला बोला हो,लेकिन उनकी असली पहचान मोदी को गाली देने वाली है।अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए हैं। 2019 चुनाव से पहले उन्होंने मोदी को नीच कहा। सफाई दी कि नीच सोच की बात की, लेकिन बवाल मच गया। पार्टी ने निलंबन दिया। 2017 में पाकिस्तान जाकर नेहरू पर टिप्पणी की, जिसे भाजपा ने भुनाया। अय्यर ने भाजपा को सांप्रदायिक बताया। कहा, वे हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं"

केरल चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। शशि थरूर का मामला अभी सुलझा भी नहीं पाया था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने नया विवाद खड़ा कर दिया। अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बारे में ऐसा बयान दिया कि पूरी पार्टी सकते में आ गई। उन्होंने कहा कि पिनराई विजयन मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस बयान ने पार्टी में हड़कंप मचा दिया। कांग्रेस ने तुरंत सफाई दी कि अय्यर अब पार्टी के सदस्य नहीं हैं। लेकिन मामला यहीं शांत होने वाला नहीं था। अय्यर ने फिर से एक साक्षात्कार में पार्टी के कई बड़े नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा और शशि थरूर तथा जयराम रमेश पर भी तीखे प्रहार किए। अय्यर का कहना था कि केरल में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत नहीं पाएगी। कारण बताया कि कांग्रेसी नेता कम्युनिस्टों से जितनी नफरत करते हैं, उससे कहीं ज्यादा आपस में नफरत करते हैं। इन बयानों ने पार्टी की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।वैसे अय्यर की नाराजगी पुरानी नहीं है। वे लंबे समय से पार्टी नेतृत्व की आलोचना करते आ रहे हैं। लेकिन इस बार उनके शब्दों ने चुनावी माहौल को गरमा दिया। केरल में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस को मजबूत विपक्ष के रूप में उभरना था। माकपा सरकार के खिलाफ लामबंदी करनी थी। लेकिन आंतरिक कलह ने सबकी मुश्किलें बढ़ा दीं। अय्यर ने पिनराई विजयन को मुख्यमंत्री बने रहने का भरोसा जताया तो यह पार्टी के लिए अपमानजनक लगा। विजयन लेफ्ट सरकार के चेहरे हैं और कांग्रेस का मुख्य निशाना। ऐसे में किसी पूर्व नेता का यह बयान तोड़फोड़ जैसा ही था। पार्टी ने कहा कि अय्यर का नाम सदस्य सूची से हटा दिया गया है। फिर भी अय्यर चुप नहीं रहे। उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि पवन खेड़ा जैसे नेता सिर्फ उच्च नेतृत्व के इशारे पर बोलते हैं। शशि थरूर को महत्वाकांक्षी बताया और जयराम रमेश पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। इन हमलों ने पार्टी के केरल नेतृत्व को असहज कर दिया। यह पहली बार नहीं है जब मणिशंकर अय्यर ने विवादास्पद बयान दिए हों। 2017 में उन्होंने पाकिस्तान के एक कार्यक्रम में जाकर नेहरू को गंगा-मैया का पुत्र कहा था। उस समय भी पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। फिर 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीच कहा था। यह बयान सुर्खियों में रहा और पार्टी को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। अय्यर ने सफाई दी कि उनका इशारा मोदी की सोच पर था, लेकिन नुकसान हो चुका था। केरल में भी वे कई बार लेफ्ट नेताओं की तारीफ कर चुके हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि पिनराई विजयन अच्छा प्रशासक हैं। ऐसे बयान विपक्षी एकता को कमजोर करते हैं। अब फिर से चुनावी साल में यही गलती दोहराई गई। विश्लेषकों का मानना है कि अय्यर की नाराजगी पार्टी के पुराने नेताओं के साथ उपेक्षा से उपजी है। वे खुद कभी केंद्रीय मंत्री रहे, लेकिन अब हाशिए पर हैं। उनकी बात को युवा नेता नजरअंदाज करते हैं। इससे उनकी भड़ास निकल रही है।कांग्रेस के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। केरल में लेफ्ट और भाजपा दोनों मजबूत हैं। 2021 चुनाव में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार आंतरिक मतभेद साफ दिख रहे हैं। शशि थरूर जैसे नेता अपनी दावेदारी कर रहे हैं। अय्यर ने उनकी आलोचना कर फूट डाली। पार्टी नेतृत्व ने अय्यर से दूरी बनाई, लेकिन उनका प्रभाव अभी भी है। सोशल मीडिया पर उनके बयान वायरल हो रहे हैं। विपक्षी दल इसका फायदा उठा रहे हैं। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस कम्युनिस्टों की कठपुतली है। लेफ्ट का तर्क है कि कांग्रेसी आपस में ही लड़ रहे हैं। अय्यर के बयान ने यह धारणा मजबूत कर दी। पार्टी को अब एकजुट होने की जरूरत है। लेकिन पुराने विवाद फिर ताजा हो गए। अय्यर की नाराजगी बढ़ती जा रही है। वे कहते हैं कि कांग्रेस का वर्तमान स्वरूप बदल गया है। पहले सिद्धांतों पर चलती थी, अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं हावी हैं। इस पूरे घटनाक्रम से केरल कांग्रेस की रणनीति पर असर पड़ेगा। चुनाव में जीत के लिए एकजुटता जरूरी है। लेकिन नेताओं के आपसी हमले मतदाताओं को निराश कर रहे हैं। अय्यर जैसे वरिष्ठ नेता अगर बाहर से ही आलोचना करेंगे तो संगठन कमजोर होगा। पार्टी को चाहिए कि पुराने विवाद सुलझाए। नए नेताओं को साथ ले। केरल मतदाता समझदार हैं। वे आंतरिक कलह देखकर वोट नहीं देंगे। अय्यर को शांत करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन उनका पुराना इतिहास देखें तो मुश्किल लगता है। वे अपनी बात पर अड़े रहते हैं। अब देखना यह है कि पार्टी कैसे इस संकट से उबरती है। चुनाव नजदीक हैं और हर बयान गूंज रहा है। कांग्रेस को मजबूत विपक्ष बनना होगा, वरना लेफ्ट फिर सत्ता में लौट आएगा। अय्यर का सिरदर्द अभी बना रहेगा।केरल चुनाव से पहले कांग्रेस को मणिशंकर अय्यर ने परेशान कर दिया। शशि थरूर का मुद्दा सुलझा नहीं कि अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बने रहने का भरोसा जताया। पार्टी ने कहा, वे अब सदस्य नहीं। फिर साक्षात्कार में अय्यर ने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा, शशि थरूर और जयराम रमेश पर तीखे वार किए। बोले, कांग्रेसी आपस में कम्युनिस्टों से ज्यादा नफरत करते हैं, इसलिए चुनाव हारेंगे। लेकिन अय्यर का इतिहास विवादों से भरा है, खासकर मोदी और भाजपा के खिलाफ।

बहरहाल,अय्यर ने आज भले ही कांग्रेस के खिलाफ हमला बोला हो,लेकिन उनकी असली पहचान मोदी को गाली देने वाली है।अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए हैं। 2019 चुनाव से पहले उन्होंने मोदी को नीच कहा। सफाई दी कि नीच सोच की बात की, लेकिन बवाल मच गया। पार्टी ने निलंबन दिया। 2017 में पाकिस्तान जाकर नेहरू पर टिप्पणी की, जिसे भाजपा ने भुनाया। अय्यर ने भाजपा को सांप्रदायिक बताया। कहा, वे हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। राम मंदिर पर बोले, भाजपा का ढोंग है। 2024 चुनाव में भी मोदी की आलोचना की, किसान आंदोलन पर समर्थन दिया। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस का असली चेहरा कहा। केरल में लेफ्ट की तारीफ कर भाजपा को निशाना बनाया। अय्यर का मानना है कि भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही,ये बयान कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते हैं। केरल में भाजपा मजबूत हो रही, आंतरिक कलह से फायदा। अय्यर की नाराजगी पुरानी है। पार्टी को एकजुट होना चाहिए। वरना चुनावी हार निश्चित। अय्यर मोदी-भाजपा विरोध में आग उगलते रहेंगे, लेकिन पार्टी का सिरदर्द बढ़ेगा।



# युग प्रवर्तक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**(इंजी. अरुण कुमार जैन)**

नई शिक्षा नीति 2020 का निर्माण करने वाली डॉ. के. कस्तूरीरंगन के अध्यक्ष डॉक्टर के. कस्तूरीरंगन से भारत के राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद जी ने कहा कि आप नई शिक्षा नीति के विषय में मार्गदर्शन लेने के लिए दिगंबर जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी से अवश्य मिलें। डॉक्टर के. कस्तूरीरंगन को बहुत आश्चर्य हुआ कि एक दिगंबर जैन संत जिनकी लौकिक शिक्षा भी अधिक नहीं थी, उन्हें इस विषय में क्या मार्गदर्शन देंगे? पर भारत के राष्ट्रपति का आदेश था अतः वे पूज्य आचार्य श्री के पास अपनी पूरी टीम के साथ गए व उनके दर्शन व मार्गदर्शन के बाद उन्होंने लिखा कि आचार्य श्री जी से मिलने के पश्चात उनके सारे संशय समाप्त हो गए और देश की नई शिक्षा नीति 2020 बनाने में सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन मुझे आचार्य श्री विद्यासागर जी से मिला।

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 2016 में भोपाल में चातुर्मास चल रहा था देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शासकीय यात्रा हेतु भोपाल आए,जब उन्हें पता चला कि आचार्य श्री जी यहां विराजमान है तो उन्होंने आचार्य श्री जी के दर्शन किये और अर्चना कर मार्गदर्शन लिया। इसी तरह 2024 में आचार्य श्री के चंद्रगिरि, छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भी मोदी जी, एक सुबह आचार्य श्री के आशीर्वाद व मार्गदर्शन लेने पहुंच गए।

18 फरवरी 2024 को दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक चल रही थी, पूरे देश की 5000 से अधिक गणमान्य विभूतियां कार्यक्रम में थी। इसी सुबह आचार्य श्री जी के देवलोक गमन का समाचार सबको पता चला था। भारत मंडपम के कार्यक्रम में सबसे पहले आचार्य श्री विद्यासागर जी को अश्रु पूरित नयनों से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, पूरे विश्व में उसे देखा और उसके पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

यह उदाहरण आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के महानतम व्यक्तित्व के अल्पांश को प्रदर्शित करते हैं। देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विद्वान, श्रेष्ठि, तांत्रिक, साधक सदैव उनके दर्शनों को आते, उनका आशीर्वाद, मार्गदर्शन लेते व आनंद अनुभूति के संग जाते थे।

जिस तरह जेठ माह के सूर्य के सानिध्य से हमें गर्मी, चन्द्रमा के साहचर्य से शीतलता व सुरभित उद्यान में प्रवेश करते ही आनंददायी सुरभि व मन की शांति मिलती है,उसी तरह आचार्य श्री जी के दर्शन मात्र से शांति, आनंद की अनुभूति होने लगती थी।

जब पूज्य श्री की स्नेहिल दृष्टि आप पर पड़ती थी,उन पलों में असीम आनंद व तृप्ति स्वतः आपके अन्तःकरण में आ जाती थी।

# विचार

## अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी

**रोहित माहेश्वरी, स्वतंत्र पत्रकार**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआइ जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों को मध्य में रखकर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026 की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं।

सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर।

साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआइ एक दोधारी तलवार बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआइ के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है।

ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024-2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## स्टेथोस्कोप का विलाप

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

मैं उस सरकारी डॉक्टर के चेहरे को गौर से देख रहा हूँ। चेहरा क्या है, मानो किसी पुराने जमींदार की 'बही' का अंतिम पन्ना है, जिस पर साल भर के घाटे का हिसाब लिखा हो। उनकी आँखें हमेशा ऐसी सिकुड़ी रहती हैं जैसे वे सामने वाले मरीज के भीतर बीमारी नहीं, बल्कि उसकी जेब में रखा बटुआ ढूँढ रही हों।

भ्रष्ट आदमी दो तरह के होते हैं—एक 'सात्विक भ्रष्ट' और दूसरा 'तामसिक भ्रष्ट'। सात्विक भ्रष्ट वह है जो रिश्वत लेकर मुस्कुराता है और दुआ देता है। तामसिक भ्रष्ट वह है जो पैसे भी लेता है और ऐसा मुँह बनाता है जैसे उसने आपका काम करके जहर का घूँट पी लिया हो। डॉक्टर साहब दूसरी श्रेणी के शिखर पुरुष हैं। उनका मुँह हमेशा 'नथुने फुलाए' हुए रहता है, मानो वे हर वक्त किसी अखाड़े में कुश्ती लड़ने को तैयार हों।

वे खाँसकर अपना गला साफ करते हैं और अपनी मेज पर रखे स्टेथोस्कोप को ऐसे सहलाते हैं जैसे वह कोई यंत्र न होकर उनकी 'कामधेनु' हो। आज एक नए पटवारी साहब अपना मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने आए हैं। पटवारी साहब ऐसे तनकर खड़े हैं जैसे वे गवाही देने नहीं, बल्कि यमराज को 'बेदखली' का नोटिस थमाने आए हों।

डॉक्टर साहब ने पटवारी की नब्ज पकड़ी और ऐसे शून्य में देखने लगे जैसे सीधे ब्रह्मलोक से बात कर रहे हों। डॉक्टर ने पूछा, "अमुक तारीख को तुम्हें क्या हुआ था?" पटवारी ने सधा-सधाया जवाब दिया, "साहब, पेट में ऐसा मरोड़ा उठा था कि लगा जैसे अंतड़ियों में 'चकबंदी' हो रही है।" डॉक्टर ने एक पुरानी शीशी दिखाई, "क्या यही वह दर्द था?" पटवारी ने उसे किसी पुराने रिश्तेदार की तरह पहचान लिया, "हाँ साहब, बिल्कुल यही! इसकी गंध मेरे दादा की पुरानी लाठी जैसी है।"

मैंने बगल में खड़े कंपाउंडर से पूछा, "यार, यह क्या तमाशा है? कोई दर्द की गंध को कैसे पहचान सकता है?" उसने फुसफुसाकर कहा, "चुप रहिए, यह 'मेडिकल मैनुअल' के हिसाब से बिल्कुल फिट है। जब तक जेब ढीली है, तब तक हर झूठ फिट है।"

## संतोषः परमं धनम्—संतोष ही सबसे बड़ा धन है।

संस्कृत साहित्य में यह बात कही गई है कि- संतोषः परमं धनम्, अर्थात संतोष मनुष्य का सबसे मूल्यवान धन है। इससे बड़ा धन दुनिया में कोई और नहीं है।इसका सीधा सा मतलब यह है कि जो हमारे पास है, उसमें प्रसन्न रहना ही सच्ची समृद्धि है। आज की तेज भागदौड़, तनाव और अवसाद भरी दुनिया में लोग अधिक से अधिक धन, सुख-सुविधाएँ और प्रतिष्ठा पाने के पीछे दौड़ रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि बाहरी संपत्ति हमें केवल थोड़े समय का सुख(क्षणिक सुख) दे सकती है, स्थायी मानसिक शांति नहीं।पाठक जानते हैं कि मनुष्य की इच्छाएँ कभी समाप्त नहीं होतीं। एक इच्छा पूरी होती है तो दूसरी पैदा हो जाती है। यदि व्यक्ति केवल इच्छाओं के पीछे ही भागता रहे, तो वह कभी संतुष्ट नहीं हो सकता। इसलिए कहा गया है कि जिसके पास बहुत धन है लेकिन संतोष नहीं, वह भी मन से गरीब ही रहता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति संतोषी है, वह सीमित साधनों में भी सुखी और शांत जीवन जी सकता है। संस्कृत में कहा गया है कि -यदृच्छालाभसन्तुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः।समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते॥ इसका तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति सहज प्राप्त वस्तु में संतुष्ट रहता है, ईर्ष्या से मुक्त होता है और सफलता-असफलता में समान रहता है, वह कर्म करते हुए भी बंधन में नहीं पड़ता। वास्तव में, संतोष का अर्थ यह नहीं है कि मनुष्य महत्वाकांक्षा छोड़ दे या प्रगति करना बंद कर दे। इसका सही अर्थ है- प्रयास करते हुए भी मन में लोभ, ईर्ष्या और असंतोष को स्थान न देना। संतोषी व्यक्ति दूसरों की सफलता देखकर जलता नहीं, बल्कि उनसे वह प्रेरणा लेता है। उसका जीवन सरल, संतुलित और तनावमुक्त होता है। यही कारण है कि संतोष मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है और मनुष्य मन को शांति भी देता है।

वास्तव में संतोष का भाव व्यवहार से जुड़ा है- संतोषी व्यक्ति सबका प्रिय बनता है। इसीलिए संस्कृत में कहा गया -"न कश्चित कस्यचिद् मित्रं न कश्चित कस्यचिद् रिपुः।व्यवहारेण जायन्ते मित्राणि रिपवस्तथा॥ संतोष मनुष्य को नैतिक और ईमानदार भी बनाता है।

## न्यूज फ्लैश

### टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों को लॉन्च किया

**गाजियाबाद।** भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निमार्ता और मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ट्रक्स.ईवी रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, श्री गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा, हमने अपनी अगली पीढ़ी के ट्रक पेश किए हैं, जिनमें नई अजुरा सीरीज, दो उन?नत शक्तिशाली उच्च दक्षता पावरट्रेन, भारत के व?यापक जीरो एमिशन वाले इलेक्ट्रिक ट्रकों की रेंज और हमारे नए आई-एमओईवी आर्किटेक?चर पर आधारित टिपर रेंज और यूरोपीय मानकों वाले कैबिन एवं उद्योग में अग्रणी सुरक्षा फीचर्स, ज?यादा पेलोड और ईंधन दक्षता में उल?लेखनीय अपग्रेड शामिल हैं। इन ट्रकों को फ्लीट एज डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है ताकि इन्हें चलाना और ट्रैक करना आसान हो। हम नई चीजें बनाने में लगातार मेहनत करते हैं, स?थानीय उत्पादन पर ज?यादा ध्यान देते हैं, और ग्राहकों की सफलता पर मजबूती से फोकस रखते हैं। ये सब आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हैं, जो भारत को आत?मनिर्भर बनाने में मदद करता है और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में लीडर बनने की इच्छा को मजबूत करता है। टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू अजुरा रेंज का प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट और लाइट कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन, आराम और अपटाइम प्रदान करने के लिए विशेष रूप से निर्मित। उत्पादकता, सुरक्षा और आराम को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियर की गई अजुरा, बिना किसी थकावट के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।

एक नए 3.6-लीटर डीजल इंजन द्वारा संचालित, जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और दक्षता प्रदान करता है, अजुरा विश्वसनीयता और अपटाइम के लिए एक नया मानक स्थापित करती है। अजुरा रेंज 7 से 19 टन कॉनफि गरेशन में उपलब्ध होगी, जो विविध प्रयोगों के लिए पूरी तरह उपयुक्त है–ई-कॉमर्स और एफएमसीजी वितरण से लेकर व्हाइट गुड्स डिलीवरी, निर्माण सामग्री परिवहन, कृषि और औद्योगिक सामान परिवहन, साथ ही इंटरसिटी, मीडियम-हॉल और क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स तक।

### 24वें कैविनकेयर एबिलिटी अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन किया

**गुरुग्राम।** बाधाओं को पार कर परिवर्तन की प्रेरक कहानियों का जश्न मनाते हुए, कैविनकेयर ने एबिलिटी फाउंडेशन के साथ मिलकर 24वें कैविनकेयर एबिलिटी अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन किया। देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से पाँच असाधारण विकलांग उपलब्धि-धारकों को सम्मानित किया गया। विश्व कप विजेता दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम की कप्तान दीपिका टी.सी. और केरल की पहली दृष्टिबाधित न्यायाधीश बनने जा रहीं तान्या नाथन के साथ कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वर्ष 2003 में स्थापित, कैविनकेयर एबिलिटी अवॉर्ड्स ने पिछले वर्षों में देश भर के 100 से अधिक अनुकरणीय विकलांग व्यक्तियों को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मान्यता दी है और सम्मानित किया है। पुरस्कार दो विशिष्ट श्रेणियों के अंतर्गत प्रदान किए जाते हैं:

कैविनकेयर एबिलिटी अवॉर्ड फॉर एमीनेंस, जो ऐसे विकलांग व्यक्ति को सम्मानित करता है, जिसने एक ऐसे संगठन की स्थापना की हो, जिसने समाज पर परिवर्तनकारी और दीर्घकालिक प्रभाव डाला हो; और कैविनकेयर एबिलिटी मास्टरी अवॉर्ड्स, जो अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता, विशिष्टता और नेतृत्व का प्रदर्शन करने वाले विकलांग व्यक्तियों को सम्मानित करते हैं। ये दोनों श्रेणियाँ दूरदर्शी संस्थान-निमार्ताओं तथा उन विकलांग व्यक्तियों का सम्मान करती हैं, जिनकी उपलब्धियाँ भारत में योग्यता और उत्कृष्टता के प्रति धारणाओं को निरंतर नए रूप में परिभाषित कर रही हैं। इस वर्ष के पुरस्कार विजेता शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, कानून, प्रौद्योगिकी, कला और नागरिक सहभागिता जैसे विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने किया घरौंडा सेक्टर 9 का दौरा

**निर्देश**

सामुदायिक केंद्र, पार्क, वाणिज्यिक साइट को विकसित करने के निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** घरौंडा के सेक्टर 9 में लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य के साथ हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज अधिकारियों के साथ सेक्टर 9 का दौरा किया। कनेक्टिविटी और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों के साथ विचार.विमर्श किया।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज घरौंडा के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 9 में दौरा कर यहां के प्लान को देखा। सेक्टर की कनेक्टिविटी को और बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई, ताकि यहां प्लाट खरीदने वालों को अच्छी सुविधाएं प्राप्त हो सकें। सेक्टर में सामुदायिक केंद्र के साथ-साथ अन्य वाणिज्यिक साइट, पार्क आदि को भविष्य में विकसित करने के लिए अधिकारियों को योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सेक्टर को डींगर माजरा रोड से भी जोड? के सवाल पर कहा कि यदि लोग जमीन देने को तैयार होते हैं तो बेहतर कनेक्टिविटी हो सकती है। इसके लिए जमीन मालिकों से बातचीत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विषयों पर अधिकारियों को निचले स्तर पर योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जो भी संभव होगा उस कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि लोगों को सेक्टर में बेहतर आवासीय सुविधाएं हासिल हों।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 9 में चार, पांच और छह मरला आकार के 294 प्लाट हैं। लेकिन अधिकांश प्लाट अभी खाली हैं। एचएसवीपी द्वारा 2022 में यह सेक्टर काटा गया था। इस समय इसकी कनेक्टिविटी कैमला रोड से है। स्पीकर का प्रयास है कि यहां भविष्य में लोगों को हर प्रकार की मूलभूत सुविधा हासिल हो और सेक्टर जल्द विकसित हो।

इस मौके पर एचएसवीपी की संपदा अधिकारी अदिति, एसडीएम राजेश सोनी, नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, तहसीलदार तरूण प्रकाश, नायब तहसीलदार अरविंद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, एमई संदीप लाठर, पुरूषोतम सेठी आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को कैम्पेन थिंक बिफोर यू शेयर व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दी गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को इंस्पेक्टर राजेश लता द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (उचाना), राजकीय माध्यमिक विद्यालय (झंझाड़ी) और खालसा मार्डन स्कूल, प्रेम नगर में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को कैम्पेन थिंक बिफोर यू शेयर व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान बारे जानकारी दी और साइबर क्राइम बारे जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर बात होने पर विश्वास न करें और बिना जांच पड़ताल किए घबराहट में पैसे के लेन देन या किसी लिंक पर क्लिक करने की गलती न करे। अपने अकाउंट संबंधी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से सांझा न करे और मोबाइल फोन पर प्राप्त किए ओटीपी की जानकारी किसी को न दें। इसके अलावा उन्होने बाल विवाह जैसी कुरीति में भाग न लेने व बाल विवाह जैसे मामलों को रिपोर्ट करने हेतु प्रेरित किया।

इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में हेल्प डेस्क लगाया गया, जिसमें पेनल अधिवक्ता मुकेश कुमार व फ्रंट ऑफिस कॉर्डिनेटर अमित रॉय द्वारा जन साधारण को 14 मार्च को लगने वाली नेशनल लोक अदालत बारे जनसाधारण को जागरूक किया, लोक अदालत लाभों बारे जानकारी दी और लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों का निपटारा करने हेतु प्रेरित करें।

### ट्रेड डील सहित अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं व मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन ट्रेड डील, बुढ़ापा पेंशन कटौती, राशन कार्ड काटे जाने अन्य जनसमस्याओं के विरोध में किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा और ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश वैद्य ने की। सोमवार को कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सेक्टर-12 में एकत्रित हुए और धरना देते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## हरियाणा का बजट अंत्योदय और विकास को होगा समर्पितः गंगवा

**समाधान**

ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य ध्येय आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य ध्येय आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार हर जिले में मंत्रियों और स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की जाती है, ताकि स्थानीय विधायकों व अधिकारियों के साथ मिलकर जन समस्याओं का समाधान किया जा सके।

रणबीर गंगवा सोमवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया बजट ऐतिहासिक व देश को आगे ले जाने वाला है। केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। बजट में युवाओं के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए है। इसी विजन के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 20 फरवरी को पेश होने वाला बजट ऐतिहासिक होगा। यह बजट अंत्योदय को राहत देने वाला और प्रदेश को विकास के पथ पर और तेजी से आगे ले जाने वाला होगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ है। प्रदेश सरकार द्वारा खिलाडि?यों को सर्वाधिक कैश अवॉर्ड और सुविधाएं दी जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप देश के कुल मेडलों में से अधिकतर हरियाणा के खिलाड़ी जीतते हैं। उन्होंने गत दिवस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मैच में भारतीय टीम की जीत पर भी खिलाडि?यों को बधाई दी।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विपक्षी दल केवल गुटों में बंटे हुए हैं और जनता के बीच भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। विपक्ष ने अपने 10 साल के शासन में पेंशन केवल 500 रुपए बढ़ाई थी, जबकि भाजपा सरकार ने पिछले 10 सालों में 2200 रुपए पेंशन बढ़ाने का काम किया है।

### एनआरआई के मकान पर फायरिंग केस में खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के फुसगढ़ गांव में एनआरआइ के घर पर हुई फायरिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया है कि यह हमला 53 हजार अमेरिकी डॉलर के लेनदेन को लेकर किया गया। मामले में एक आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान वारदात में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी करेगी और रिमांड पूरा होने के बाद आरोपी को फिर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार 3 फरवरी की रात फुसगढ़ गांव में यह वारदात हुई। उस समय घर की पहली मंजिल पर एनआरआइ बलकार की मां और उसकी पत्नी सो रही थी। मकान के नीचे किराए पर एक ब्यूटी पार्लर चल रहा है। रात के अंधेरे में आए बदमाशों ने मकान और ब्यूटी पार्लर को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ तीन से चार गोलियां चला दी। गोलियों की आवाज से इलाके में हडकंप मच गया और वारदात के बाद से आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया।

जांच में सामने आया कि बलकार लाठर अमेरिका में रहता है और उसका साला संदीप भी वहीं रह रहा है।

## विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ



**सोनीपत :** विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन सोमवार को वार्ड नं 14 के मोहन नगर में 33 फूटे बाई पास पर पहुंचे जहां उन्होंने नारियल तोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज लगभग 85 लाख रुपए की लागत से वार्ड नं 14 के मोहन नगर -2 में कच्ची पड़ी विभिन्न गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करने के कार्य को शुरू करवाया गया है। इस कार्य में सभी कच्ची पड़ी गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पक्का किया जाएगा।

विधायक निखिल मदन ने बताया कि मोहन नगर की कुछ गलियां काफी समय से कच्ची पड़ी थी, जिन्हें हाल ही में सरकार द्वारा वैध घोषित किया गया है, ऐसी सभी गलियों को पक्का किया जाएगा।

पूर्व मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज राजीव नगर की विभिन्न गलियों को 61 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य में गली नं 1 से लेकर गली नं 6 तक सभी गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी।

इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को भी समय पर पूरा किया जाएगा।

इसके बाद विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन वार्ड नंबर 13 के शादीपुर गांव में पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से पूरे हुए सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि शादीपुर गांव में सामुदायिक केंद्र बनने से शादीपुर के साथ-साथ कैलाश कॉलोनी और शांति विहार के लोगों को भी फायदा मिलेगा। स्थानीय लोग यहां पर अपने वैवाहिक और सामाजिक कार्य कर सकेंगे जिससे उन्हें आमजन को काफी सहूलियत मिलेगी।

मेयर राजीव जैन ने बताया कि सामुदायिक केंद्र के साथ-साथ कैलाश कॉलोनी की तीन विभिन्न गलियों को भी सीसी से पक्का किया गया है

## दिल्ली अम्बाला रेल लाइन को फोर लेन बनाये जाने की घोषणा से सोनीपत के दैनिक रेल यात्रियों में हर्ष की लहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** दिल्ली अम्बाला रेल लाइन को फोर लेन बनाये जाने की घोषणा से सोनीपत के दैनिक रेल यात्रियों में हर्ष की लहर है क्योंकि फोर लेन की लाइन बिछने के बाद नई रेल गाड़ियों को शुरू करने तथा एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की लम्बे समय से चल रही मांगें पूरी होंगी।

नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इस परियोजना के लिए 5983 करोड़ रुपए मंजूर करने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि कई बार रेल मंत्री एवं उत्तर रेलवे के अधिकारियों से



मिलकर लम्बी दूरी की एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के ठहराव एवं नई रेल गाड़ियां चलाने की मांग कर चुके थे परन्तु हर बार यही जवाब मिलता था कि यह रुट व्यस्तम होने के कारण मांगें पूरी होना संभव नहीं है।

राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत से 35 - 40 हजार दैनिक रेल यात्री दिल्ली जाते हैं और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, भीड़ भाड़ के कारण कई बार रेल में चढ़ना भी संभव नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि रेल कनेक्टिविटी सुदृढ़ होने से वयवसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्री मनोहर लाल का विशेष आभार जताया है जिनके व्यक्तिगत प्रयासों से कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत के विकास की बढ़ती संभावनाओं के मध्य नजर रेल एवं सड़कों का नेटवर्क मजबूत होता जा रहा है।

### कृष्ण कुमार निर्माण, निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान से होंगे अलंकृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** शिक्षा विभाग, हरियाणा में द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के रूप में कार्यरत हिंदी और हरियाणवी के कवि और लेखक कृष्ण कुमार निर्माण को आगामी 22 फरवरी को कलानौर (रोहतक) में पंजीकृत संस्था निराला साहित्यिक एवं कला मंच की ओर से हरियाणावी साहित्य में योगदान देने के लिए निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी करेंगे

## मोह मोक्षमार्ग में सबसे बड़ी बाधा : श्री विनश्चय सागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** दो दिवसीय पंचकल्याणक के दूसरे दिन भगवान का नित्य अभिषेक, शान्तिधारा व पूजा के उपरान्त परम पूज्य आचार्य 108 श्री विनिश्चय सागर जी मुनिराज के ससंघ मुख्य पूजा स्थल रामलीला भवन में उपस्थित भक्तजनों के जयघोष के साथ आगमन हुआ। मुनिजनों के पाद प्रस्लालन का सौभाग्य सुशील जैन, ईडन व शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य रेखा जैन को प्राप्त हुआ। पानीपत जैन समाज ने मुनि संघ को श्रीफल अर्पित करके मुनिसंघ को पानीपत आने की विनती की।

पूज्य आचार्य श्री ने भगवान के



गर्भ कल्याणक के प्रसंग में पदम पुराण का उल्लेख करते हुए बताया कि मोह मोक्षमार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। हमारी आत्मा में अनंत सुख विद्यमान है, बस हमें इसे समझना होगा। मानव प्राप्त करके सुखी हो ऐसा आवश्यक नहीं है, लेकिन त्याग करने के बाद अनंत सुख व शान्ति को प्राप्त करता है। दिगम्बर मुनिराजों को देखो उनमें सदैव आनंद का सरोवर प्रवाहित होता रहता है, क्योंकि इन मुनियों ने मोह रूपी भार को त्याग दिया है, जिससे हल्के होकर निरंतर मोक्षमार्ग पर अग्रसर है। संसार और मोक्ष दोनों ही हमोर अंदर विद्यमान है। मोह के ताण्डव को मोक्ष के पुरूषार्थ से जीता जा सकता है।

पदम पुराण के अनुसार माता सीमा ने घोर अर्चना दीक्षा लेकर तपस्या कर अपनी स्त्री पर्याय को समाप्त किया व प्रति इन्द्र बनी विद्यमान है। भगवान राम ने तपस्या के बल पर मोह पर विजय प्राप्त कर राग-द्वेष को जीता और केवल ज्ञान प्राप्त कर सारे जगत के लिए पूज्य बने हैं। माता सीता को राम के प्रति वासना नहीं, प्रेम का इसी प्राकर राम को भी सती सीता से पवित्र प्रेम का केवल अल्प समय के लिए वे मोह में अवश्य फंस गए थे।

धर्म कल्याण के लिए सचिन, रजनी जैन, गोहाना को भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## आम जनता की शिकायत का निवारण करना सरकार की प्राथमिकताः रणबीर गंगवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री तथा जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष रणबीर गंगवा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए 13 परिवाद में से 5 मामलों का मौके पर समाधान कर दिया तथा शेष 8 परिवादों की पुनः जांच उच्च अधिकारियों को सौंपी।

उन्होंने कहा कि अधिकारी आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों को अपने-अपने कार्यालय में ध्यान से सुनें और उनका समाधान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की शिकायतों का निवारण करना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में पेंशन जैसी समस्यां कष्ट निवारण समिति में नही आनी चाहिए, बल्कि उनका समाधान अपने कार्यालय में ही किया जाए।

बैठक में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव चोरकारसा निवासी कुसुम पत्नी संदीप के मामले की सुनवाई करते हुए प्राथीर्या के अनुरोध पर इस मामले कि पुनः जांच एएसपी को सौंपी, ताकि प्राथीर्या को न्याय मिल सके। इसी प्रकार से सेक्टर-12, पार्ट-2 निवासी बिमला देवी ने पशु डायरी को हटवाने का अनुरोध किया। इस मामले में विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि शहर से डेयरी शिफ्टिंग पर कार्य जारी है और डेयरी संचालकों को पीगली गांव के पास जगह अलॉट की गई है। इस पर मंत्री ने स्पष्ट किया ऐसे में शहर में कोई भी डेयरी संचालित नहीं रहनी चाहिए, उन्हें तुरंत शिफ्ट करवाया जाए और इस मामले पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा अगले 10 दिन के अंदर वहां से डेयरी हटवाई जाए।

बैठक में गांव औगंद निवासी सोनू की शिकायत का समाधान करते हुए मंत्री रणबीर गंगवा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि प्रार्थी के घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जल्द से जल्द पानी का कनेक्शन दे। इसी प्रकार से पीचोलिया गांव से मूर्ति देवी के मामले में कैबिनेट मंत्री ने बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि प्राथीर्या के घर के नजदीक बिजली के दो पॉल लगे है। उन्हें उचित स्थान पर लगाया जाए। इस मामले में समिति के सदस्य विभाग के अधिकारियों को सहयोग करेंगे और अगली बैठक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव रम्बा निवासी अजय बत्रा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मीकाड के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि अटल भू-योजना के अंतर्गत गांव में जोहड़ के किनारे सौर ऊर्जा संचालित सूक्ष्म सिंचाई एवं संरचना सौर पम्प स्थापित किए गए हैं। उन सभी के वर्किंग रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करे। इस मामले की जांच में समिति के सदस्य राममेहर व अमित कम्बोज को शामिल किया जाए। इस प्रकार से गांव खेड़ी जाटान निवासी सौरभ चौधरी की शिकायत पर मंत्री रणबीर गंगवा ने विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि कृषि के लिए ट्यूबवेल कनेक्शन में देरी के लिए स्थिति स्पष्ट की जाए।

## सड़क हादसे में 29 वर्षिय कैंटर चालक की चली गई जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**खरखौदा के राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर देर रात हुए एक सड़क हादसे में कैंटर चालक की जान चली गई। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कैंटर के कैबिन में फंसे चालक केतन सिंह को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक केतन सिंह के बड़े भाई राघवेंद्र की शिकायत पर एक ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी के जिला फरुर्खाबाद के महसोना गांव के रहने वाले राघवेंद्र का कहना है कि वह 4 भाई हैं।उसका 29 वर्षीय छोटा भाई केतन सिंह बीते सात वर्ष से ट्रक चलाता था, हाल समय में उसने एक डाक पार्सल वाले कैंटर पर ड्राइवर की नौकरी शुरू की थी। रविवार को केतन और वह खुद अपने चचेरे भाई गोविंद के साथ हसनगढ़ स्थित एक ढाबे पर ही रुके हुए थे। जहां से खाना खाने के बाद केतन सिंह ने कहा कि वह अब अंबाला जाएगा। कुछ देर बाद ही उन्हें केतन सिंह की गाड़ी का एक्सीडेंट हो जाने की सूचना मिली। वह खरखौदा के बरोणा मार्ग फ्लाईओवर के पास पहुंचे। जहां पर कैंटर का कैबिन बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त था और केतन सिंह उसमें फंसा हुआ था। जिसे पुलिस व राहगीरों की मदद से बाहर निकालकर खरखौदा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन केतन सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक का सोनीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को स्वजन के हवाले कर दिया गया। राघवेंद्र का आरोप है कि एक ट्रक चालक ने बगैर किसी इंडिकेटर के अपना ट्रक फ्लाईओवर पर चढने से पहले खड़ा किया हुआ था, उसमें केतन का कैंटर जा टकराया

ACTION INDIA
करनाल, 17 फरवरी 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### श्यामा पब्लिक स्कूल में उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे



**रादौर, 16 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** श्यामा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़े उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजर शशि बाटला एवं प्रधानाचार्या मनीषा सासन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के सरपंचों व गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की थीम नींव रखी गई, जिसके माध्यम से संदेश दिया गया कि परिवार की मजबूत नींव हमारे बुजुर्ग होते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता व नाटिका प्रस्तुत कर अपने दादा-दादी के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान दादा-दादी के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएं कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। विजेताओं को स्मृति चिह्न व पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुछ बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को संस्कार व अनुशासन का महत्व बताया। मैनेजर शशि बाटला ने कहा कि बुजुर्ग हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव समाज की प्रगति का आधार हैं।

### महाशिवरात्रि पर किया भगवान शंकर की महिमा का गुणगान



**रादौर, 16 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** शहर के मुख्य बाजार स्थित देवी मंदिर में मासिक संकीर्तन इस बार महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकीर्तन के दौरान भजन मंडली व श्रद्धालुओं ने माता रानी और भगवान शंकर की महिमा का गुणगान किया। ॺमैया तेरे चरणों की गर धूलॾ, ॺधरती गगन में होती है तेरी जय-जयकारॾ, ॺपार्वती बोली शंकर सेॾ तथा ॺजैसे मस्तक पे चंदा हैॾ जैसे भजनों की प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा सभी ने भगवान से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# सिंचाई विभाग कार्यालय यमुनानगर में ठेकेदारों का रोष प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर जानबूझकर ठेकेदारों का शोषण करने का आरोप लगाया**



**नितिन सिंगला जगाधरी**
यमुनानगर एरीगेशन कंस्ट्रक्शन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले ठेकेदारों ने सोमवार को सिंचाई विभाग कार्यालय, यमुनानगर के बाहर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। ठेकेदारों का आरोप है कि वर्ष 2023 से 2025 तक कराए गए बाढ़ बचाव कार्यों की लगभग बीस करोड़ की पेमेंट अब तक जारी नहीं की गई है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।
प्रदर्शन कर रहे ठेकेदारों ने बताया कि उन्होंने विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी कार्य समय पर पूरे किए, बिल बनाकर संबंधित अधिकारियों को सौंपे और जीएसटी भी नियमानुसार जमा करवाई। इसके बावजूद भुगतान लंबित है। ठेकेदारों का कहना है कि लगातार दो वर्षों से भुगतान न होने के कारण कई फर्में आर्थिक रूप से टूट चुकी हैं।प्रदर्शन के दौरान ठेकेदारों ने विभाग को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी बकाया राशि जारी नहीं की गई तो वे भविष्य में कोई भी टेंडर नहीं भरेंगे और न ही सिंचाई विभाग के किसी कार्य में भाग लेंगे। उनका कहना है कि बाढ़ बचाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में समय पर भुगतान न होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। खनन साइट बंद, फिर भी ईरवाना बिल की मांग ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से जिले में कोई भी खनन साइट संचालित नहीं हो रही है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग ने सभी ठेकेदारों को पत्थरों के ईरवाना बिल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसे उन्होंने ॺतुगलकी फरमानॾ करार दिया। ठेकेदारों का कहना है कि जब वैध खनन साइट ही चालू नहीं हैं, तो ऐसे बिल उपलब्ध कराना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।
प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर जानबूझकर ठेकेदारों का शोषण करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि भुगतान रोककर और अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग कर विभाग ठेकेदारों को अनावश्यक दबाव में डाल रहा है।
सरकार से नीति बनाने की मांग ठेकेदारों ने सरकार से मांग की है कि बाढ़ बचाव कार्यों के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए। उनका सुझाव है कि इन कार्यों में उपयोग होने वाले मैटीरियल की रॉयल्टी राशि खनन विभाग को सीधे टेंडर अमाउंट से काटकर जमा करवाई जाए, ताकि भविष्य में ठेकेदारों को अलग से भुगतान और बिल संबंधी जटिलताओं का सामना न करना पड़े।प्रदर्शन के दौरान ठेकेदारों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। अब देखना होगा कि सिंचाई विभाग और सरकार इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। इस मौके पर यमुनानगर एरीगेशन कंस्ट्रक्शन वेल्फेयर एसोसिएशन प्रधान रघुबीर राणा, संरक्षक ओमकुमार ,वाइस प्रधान राजबीर, महासचिव अनिल कुमार, सचिव विशाल बंसल,कैशीयर कुलदीप कुमार,शावेज, रोशनलाल, शमशेर, अश्वनी राणा,मोहन पंवार, विकास, दिनेश कांबोज मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की करें पालना- एसपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक, अंबाला ने जिले के सभी नागरिकों हेतु एक विशेष यातायात एडवाइजरी जारी की है। अंबाला पुलिस के अनुसार, लापरवाही से वाहन चलाना और नियमों की अनदेखी न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिले में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।
बाइक सवार अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और ट्रिपल राइडिंग से बचें। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। भारी वाहन चालक सड़क की बाईं लेन का ही प्रयोग करें। लेन नियमों के उल्लंघन पर पुलिस अब तक हजारों चालान कर चुकी है। गलत लाइन में चलने के कारण हादसे बढ़ते हैं इसलिए वाहन चालक हमेशा अपनी निर्धारित लेन में ही चलें। शराब पीकर वाहन चलाना और ओवर स्पीडिंग करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। चालक हमेशा अपने पास ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी और बीमा जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग बिल्कुल न करें, क्योंकि यह ध्यान भटकाता है और गंभीर हादसों का कारण बनता है।

## नवीन दत्त ने 54वीं रक्तदान कर निभाया मानवता का फर्ज



**पानीपत।** पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा पर चलते हुए जिला पानीपत के ब्लॉक नांगलखेड़ी के गांव जटाल निवासी डेरा श्रद्धालु नवीन दत्त इन्सां ने गुरुगद्दी नशीनी महां की खुशी मे शहर के निजी ब्लड बैंक में मानव सेवा से जोड़ते हुए जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया।
जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रेमी सेवक डॉ सत्यवीर इन्सां ने बताया नवीन दत्त पेशे से शहर के निजी हॉस्पिटल ने पीआरओ पद कार्यरत हैं और उन्होंने बताया नवीन पहले 53 बार रक्तदान कर चुके है ओर अब 54 वी रक्तदान कर मानवता का फर्ज अदा किया।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर के गुंबद पर कलश की स्थापना धूमधाम से संपन्न

**कलश स्थापना**

**कलश पूजन व स्थापना का सौभाग्य प्रसिद्ध दवा निमार्ता संदीप सरोहा एवं पवन कुमार सैनी बद्दी**

**बाबैन, 16 फरवरी (शंकर लाल) :** श्री दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान मंदिर रामसरन माजरा में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के गुंबद पर कलश की स्थापना धूमधाम से संपन्न हो गई है। श्री दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान मंदिर में कलश स्थापना का पावन कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। हनुमान मंदिर के गुंबद पर कलश की स्थापना की धार्मिक रस्में पंडित वैभव शर्मा व पंडित अशोक कुमार अवस्थी ने पूरे धार्मिक रीति रिवाज से संपन्न करवाई। कलश पूजन व स्थापना का सौभाग्य प्रसिद्ध दवा निमार्ता संदीप सरोहा एवं पवन कुमार सैनी बद्दी को प्राप्त हुआ। संदीप सरोहा एवं पवन कुमार सैनी बद्दी ने संयुक्त रूप से पूरे श्रद्धाभाव और विधि-विधान के साथ पूजन व स्थापना के कार्य को संपन्न करवाया। पंडित वैभव शर्मा एंव अशोक अवस्थी द्वारा शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना की रस्में संपूर्ण करवाई गई। इस धार्मिक कार्य में बड़ी संख्या में हनुमान भक्तों ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर में सुबह से ही श्री राम भक्त हनुमान जी के श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कलश स्थापना से पूर्व कलश की पूरे गांव में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण परिक्रमा करवाई गई जिसमें गांव में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर पूरा गांव रामसरन माजरा जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढकर भाग लिया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्राम एकता और सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक बना। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन पूरे गांव में धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्राम एकता और सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक बना। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश सैनी, मंदिर प्रधान सोहन लाल, तरसेम राय, कैप्टन कृष्ण लाल, जगमाल सिंह, शिव राम, बलकार सिंह, सतपाल, जगपाल, देवेंद्र सैनी, राहुल सैनी, हैप्पी सैनी, लछमन सिंह, चन्दन राम, प्रदीप सैनी, अनुज सैनी, सुभाष चन्द, श्याम लाल, रघुबीर चन्द के अलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव



**पूजन-अर्चन**

**कार्यक्रम मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ।**

**रादौर, 16 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** शास्त्री कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकाल में श्री राधा रास बिहारी महिला संकीर्तन मंडली तथा इस्कॉन के भक्त प्रभु आनंद निधि दास ने भजन-कीर्तन के माध्यम से शिव महिमा का गुणगान किया। महाशिवरात्रि के प्रथम पहर में एकादश पार्थिव शिवलिंगों की प्रतिष्ठा कर पूजन-अर्चन एवं संपूर्ण रुद्री पाठ के साथ विशेष जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान सुशील शर्मा, उपप्रधान कमल शर्मा, सचिव भरत माटिया, कोषाध्यक्ष मोहित झांब सहित अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शास्त्री कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव



**रादौर, 16 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** शास्त्री कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकाल में श्री राधा रास बिहारी महिला संकीर्तन मंडली तथा इस्कॉन के भक्त प्रभु आनंद निधि दास ने भजन-कीर्तन के माध्यम से शिव महिमा का गुणगान किया। महाशिवरात्रि के प्रथम पहर में एकादश पार्थिव शिवलिंगों की प्रतिष्ठा कर पूजन-अर्चन एवं संपूर्ण रुद्री पाठ के साथ विशेष जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान सुशील शर्मा, उपप्रधान कमल शर्मा, सचिव भरत माटिया, कोषाध्यक्ष मोहित झांब सहित अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चोरी हुए मोबाइल का क्लेम न मिलने पर धरना

**फतेहाबाद।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के आह्वान पर दर्जनों लोगों ने सोमवार को भूना में बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्यालय के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता संगठन के ब्लॉक प्रधान कमल सिंह ने की, जबकि मंच संचालन मोचीवाली के कुलदीप बेनीवाल ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गांव दिगोह निवासी सुखविंदर पंडाल ने करीब 10 महीने पहले उकलाना रोड स्थित चॉइस मोबाइल से बजाज फाइनेंस के माध्यम से आईफोन 16 खरीदा था।

# छात्रों ने बार्क वैज्ञानिकों से सीखी आधुनिक कृषि तकनीक



**संगोष्ठी**

**विद्यार्थियों को कृषि में परमाणु एवं विकिरण तकनीकों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सूक्ष्मजीवविज्ञान एवं पोषण जीवविज्ञान विभाग के 10 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने 14 फरवरी 2026 को बहादुरगढ़ स्थित ग्लोबल सेंटर फॉर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप में आयोजित दो दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम बॉर्क टेक्नोलाजिज फॉर सस्टेनेबल एग्रीक्लचर में प्रतिभागिता की।
इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण कक्षा शिक्षण और वास्तविक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्नत शोध सुविधाओं का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास हेतु नवाचार और अंतःविषयक शोध की दिशा में प्रेरित करता है।
यह शैक्षणिक भ्रमण प्रो. सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों से संवाद करवाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कृषि में परमाणु एवं विकिरण तकनीकों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें फसल सुधार, रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, खाद्य संरक्षण तथा तीव्र कम्पोस्टिंग जैसी उन्नत तकनीकें शामिल रहीं। इसके साथ ही म्यूटेंट फसल किस्में, ट्राइकोडर्मा आधारित जैव-नियंत्रण एजेंट, विकिरण-डीपॉलीमराइज्ड काइटोसैन, नमी संरक्षण हेतु हाइड्रोजेल तथा माइक्रो-फाइन नीम बायोपेस्टीसाइड जैसी नवाचारपूर्ण तकनीकों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।
इस आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सतत कृषि के प्रति

# एसडीएम गुहला को झुनझुना थमाने के मामले में कांग्रेस विधायक व उसके 4 समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला कांग्रेस विधायक द्वारा एसडीएम गुहला को झुनझुना देने का बहुचर्चित मामला एक बार फिर उस समय गर्मा गया, जब एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश ङ्क्षसह की शिकायत पर गुहला पुलिस ने उक्त मामले को संज्ञेय अपराध मानते हुए विभिन्न धाराओं के तहत विधायक देवेंद्र हंस व उनके 4 समर्थकों हरदीप ङ्क्षसह बदसूई, दीपक शर्मा संजय बस्ती चीका, जगजीत ङ्क्षसह डेरा भाग ङ्क्षसह चीका व एक अन्य व्यक्ति हर्ष गर्ग शामिल हैं, के खिलाफ धारा 126(2),356(2),351(2),352 व 221 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विधायक एवं उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए भरोसेमंद सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह मामला 19 जनवरी को उस समय हुआ, जब एसडीएम अपने कार्यालय में रोजमर्रा की तरह कार्य कर रहे थे, तो वहां विधायक देवेंद्र हंस व उनके कुछ समर्थक आ धमके और उन्होंने कथित रूप से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और यह कहते हुए एसडीएम को झुनझुना पकड़ा दिया कि यदि उनकी शिकायत पर तुमने कुछ नहीं करना, तो यह पकड़ो झुनझुना और खेलते रहो। सूत्रों के अनुसार उक्त मामले के बाद 20 जनवरी 2026 को एसडीएम कैप्टन प्रमेश ङ्क्षसह ने पुलिस में विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ एक शिकायत दी, जिस पर आरोपियों के खिलाफ रोजनामचा में रपट नम्बर 13 व 14 दर्ज कर पुलिस जांच अधिकारी ने एसडीएम



व अनुसंधान गवाहों के ब्यान दर्ज किए और इसकी रिपोर्ट माननीय न्यायालय गुहला बतौर सूचनार्थ दी गई और मामला दर्ज कर लिया गया।

**क्या था यह सारा मामला ?**
दरअसर, इस सारे विवाद के पीछे ब्लाक समिति चीका द्वारा कुछ पुरानी दुकानों के साइज को बढ़ाना था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक



व उसके समर्थकों का आरोप था कि दुकानों का साइज गैरकानूनी तरीके से बढ़ाया जा रहा है। दुकानों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे। आरोपों के बाद एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने जांच की और जांच में ब्लाक समिति को क्लीन चिट दे दी, जिसके बाद विधायक देवेंद्र हंस भड़क उठे और अपने समर्थकों को लेकर एसडीएम कार्यालय जा पहुंचे और जबरदस्त विरोध के बाद उन्होंने झुनझुना प्रकरण को अंजाम दे दिया।

**डीएसपी ने की विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज होने की पुष्टि:**
इस सम्बन्ध में जब डीएसपी गुहला कुलदीप बैनीवाल से सम्पर्क किया गया, तो उन्होंने झुनझुना विवाद में कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस व उनके 4 समर्थकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने





की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि एसडीएम की शिकायत के बाद कोर्ट से अनुमति ली गई और पारदर्शी तरीके से जांच करने के बाद ही मामला दर्ज किया गया है। बैनीवाल ने बताया कि मामला दर्ज करते समय सभी कानूनी पहलुओं का ध्यान रखा गया। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज करने के बाद इसकी सूचना माननीय न्यायालय व विधानसभा अध्यक्ष को भी भेजी गई है।

**अभी तो झुनझुना पकड़ाया है, गले में ढोल भी डालेंगे: देवेंद्र हंस**
गुहला कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस पर एसडीएम को झुनझुना देने के मामले में एफआईआर दर्ज हो जाने के बाद उन्होंने अपनी पहली कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज करवाई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज हो जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है क्योंकि चाहिए तो यह था कि उनकी शिकायत के बाद जांच करके ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए थी परंतु सरकार के इशारे पर हुआ इससे ठीक उलटा। विधायक ने कहा कि जब एक अनुसूचित जाति के विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है, तो आम दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों की क्या खाक सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि वे ऐसी एफआईआर से डरने वाले नहीं है और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने चेताया कि यदि एसडीएम का भ्रष्टाचार यूं ही चलता रहा तो, अभी तो उन्हें झुनझुना ही थमाया गया है और जरूरत पड़ी, तो वे गले में ढोल भी डालेंगे। उन्होंने घोषणा की कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

**क्या कहना है समर्थकों का:**
विधायक देवेंद्र हंस के समर्थकों ने भी अपने ऊपर एफआईआर दर्ज होने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। समर्थक हरदीप बदसूई व अन्यों ने कहा कि वे ऐसे ओछे हथकंडों से डरने वाले नहीं है।

# बेगा की बेटी गीता को विधायक देवेन्द्र कादियान ने दी पावरलिफ्टिंग किट

**जनता दरबार**

**–विधायक के जनता दरबार में पेंशन व बिजली से जुड़ी समस्याएं रही हावी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव बेगा की बेटी और नॉर्थ इंडिया बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीत चुकी गीता के सपनों को अब नए पंख लगेंगे। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में गीता को पावर लिफ्टिंग किट भेंट की और खेलों में आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। गीता बीए प्रथम वर्ष की छात्रा होने के बावजूद रोजाना कई घंटे अभ्यास करती है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी उसके हौंसले बुलंद है। किट मिलने पर गीता ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इससे उसे अभ्यास में काफी मदद मिलेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गीता जैसी खिलाडि?ों को संसाधनों की कमी के कारण रुकना नहीं पड़ेगा। भविष्य में भी हर संभव मदद की जाएगी।

जनता दरबार में पेंशन और बिजली शिकायतें हावी
सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। गांवों और शहर से बड़ी संख्या में लोग निजी व सार्वजनिक समस्याएं लेकर पहुंचे। पेंशन कटने और बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें ज्यादा रही। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए गए। बायं गांव से राजेश ने ई-रिक्शा चोरी का मामला उठाया। उनका कहना था कि 13 फरवरी को चिराग गार्डन के पास से ई-रिक्शा चोरी हो गई, जो बाद में गढ़ी केसरी के पास मिली, लेकिन बैटरी गायब थी। सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद कार्रवाई न होने की शिकायत पर विधायक ने पुलिस को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, खेड़ी गुर्जर गांव में गली पर अवैध कब्जे की शिकायत भी सामने आई। इस पर मौके संबंधित अधिकारी को मौके का निरीक्षण का रिपोर्ट देने को कहा। इस दौरान विधायक कादियान ने कहा कि लोग एक बड़ी उम्मीद लेकर उनके पास आते है। उनका प्रयास है कि हर फरियादी की समस्या का मौके पर ही समाधान हो औश्र प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ काम करें।

# बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई परीक्षा को लेकर बैठक

**परीक्षा केंद्र**

**बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर को बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)। बाल** भवन इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।
सीबीएसई द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि परीक्षाए सुचारु एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता को परीक्षा केंद्र का केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही विद्यालय की समन्वयक नेहा सिंधु को उप-केंद्र अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। विद्यार्थियों को सीबीएसई के दिशा-निदेर्शों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। विद्यालय परिवार परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## न्यूज फ्लैश

### नोटिस के बावजूद राजकीय महाविद्यालय की दीवार के पास से नहीं हटी रोड़ी-डस्ट, राहगीर परेशान



**गन्नौर।** राजकीय महाविद्यालय की दीवार के साथ सड़क पर डाली गई रोड़ी-डस्ट हटाने को लेकर नगर पालिका द्वारा नोटिस और जुमार्ना किए जाने के बावजूद अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। ठेकेदार की ओर से निर्माण सामग्री नहीं उठाए जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका ने संबंधित ठेकेदार को पांच हजार रुपये का चालान कर सड़क तुरंत खाली करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद कई दिन बीत जाने के बाद भी सड़क किनारे पड़ी रोड़ी-डस्ट नहीं हटाई गई है। यह मार्ग राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा पशु अस्पताल, गैस गोदाम, गौशाला और गांव गढ़ी केसरी जाने वाले लोगों के लिए मुख्य रास्ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवार के साथ भारी मात्रा में डाला गया मैटीरियल दीवार की नींव को भी नुकसान पहुंचा सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**ठेकेदार को अंतिम चेतावनी दी : खर्ब**
इस संबंध में नगर पालिका सचिव प्रदीप खर्ब का कहना है कि ठेकेदार को अंतिम चेतावनी दी गई है। निर्धारित समय में सामग्री नहीं हटाई गई तो और कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ईमानदारी और मेहनत को बनाएं अपना मूल मंत्र : बी. सतीश बालन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जेल प्रशिक्षण अकादमी में सोमवार को वार्डर प्रशिक्षुओं के द्वितीय बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के महानिरीक्षक कारागार बी.सतीश बालन उपस्थित रहे।
महानिरीक्षक कारागार बी. सतीश बालन ने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको जेल विभाग के माध्यम से देश और समाज की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस सेवा के साथ आप को स्किल डेवलपमेंट एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का सशक्त मंच मिला है, जो आपके व्यक्तित्व को निखारने का माध्यम बनेगा।
उन्होंने प्रशिक्षुओं को संदेश दिया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। ईमानदारी और मेहनत को अपना मूल मंत्र बनाएं तथा बिना किसी अनावश्यक दबाव के निष्पक्ष भाव से विभाग को अपनी सेवाएं दें। उन्होंने कहा कि जेल सेवा केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संवेदनशीलता, मानवता और जिम्मेदारी से जुड़ी सेवा है। उन्होंने आईपीएस जीवन की शुरूआत का उल्लेख करते हुए बताया कि जब उन्होंने आईपीएस जॉइन किया था तो 400 मीटर की दौड़ से अपने प्रशिक्षण की शुरूआत की थी और आज वे स्वयं को मैराथन दौड़ते हैं।
उन्होंने कहा कि छोटी शुरूआत ही बड़े लक्ष्य की ओर ले जाती है बशर्ते निरंतरता और समर्पण बना रहे।
अकादमी के प्राचार्य नरेश गोयल द्वारा अपने स्वागत भाषण में बताया गया कि इस द्वितीय बैच में कुल 100 प्रशिक्षुओं का चयन हुआ इनमें 87 प्रशिक्षु ग्रामीण पृष्ठभूमि से तथा 13 शहरी पृष्ठभूमि से हैं। इसके साथ ही 24 प्रशिक्षु विवाहित तथा 76 अविवाहित हैं। आयु वर्ग के अनुसार 45 प्रशिक्षु 25 वर्ष तक, 48 प्रशिक्षु 26 से 30 वर्ष के मध्य तथा 7 प्रशिक्षु 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं। शैक्षणिक योग्यता में 14 प्रशिक्षु 12वीं उत्तीर्ण, 68 स्नातक तथा 18 स्नातकोत्तर हैं।

# तनाव और भौतिक दौड़ के बीच आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक

**आयोजन**

**–ब्रह्माकुमारीज के विश्व कल्याण सरोवर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के विश्व कल्याण सरोवर, मुरथल में परमात्म प्यार, श्रेष्ठ उपहार विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहनों ने भाग लेकर शिव संदेश का लाभ उठाया। मुख्यातिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में माईराम कौशिक ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मपरिवर्तन का अवसर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव और भौतिक दौड़ के बीच आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा समाज में नैतिकता, नशामुक्ति और पारिवारिक संस्कारों के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा का सच्चा प्यार मानव जीवन को नई दिशा देता है और हमें सेवा व सद्भाव का मार्ग दिखाता है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि शिव के अवतरण का स्मृति दिवस है। यह वह पावन घड़ी है जब परमात्मा शिव मानव आत्माओं को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं।
कार्यक्रम में दिव्य गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राजयोगी बीके विजय भाई ने शिव महिमा से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

# जैन गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** जीटी रोड स्थित जैन गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा गांव टेहा में सात दिवसीय शिविर का सोमवार को शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार और टेहा के सरपंच आशीष त्यागी ने किया। कार्यक्रम संयोजक सहायक प्राध्यापक रजनी देवी ने बताया कि शिविर 16 से 22 फरवरी तक आयोजित होगा, जिसमें 50 स्वयंसेविकाएं भाग ले रही हैं। पहले दिन छात्राएं गांव का सर्वे कर ग्रामीण जीवन की समस्याओं और सकारात्मक पहलुओं का अध्ययन करेंगी। समापन अवसर पर एमडीयू से एनएसएस संयोजक डा. सविता, विधायक देवेंद्र कादियान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

## रेलवे रोड पर यातायात पुलिस की कार्रवाई, 15 वाहनों के चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सोमवार को रेलवे रोड पर विशेष अभियान चलाया गया। यातायात गन्नौर इंचार्ज उप निरीक्षक सोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गलत तरीके से सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 15 चालान किए। अभियान के दौरान एक बुलेट बाइक चालक यातायात नियम उल्लंघन करते हुए पाया गया। जांच में सामने आया कि चालक के पास न तो हेलमेट था और न ही ड्राइविंग लाइसेंस। इसके अलावा बाइक की आरसी और प्रदूषण प्रमाण पत्र (धुआं पर्ची) भी उपलब्ध नहीं था। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी तथा साइलेंसर भी माडिफाइड पाया गया, जिससे अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण हो रहा था।
पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उक्त बाइक का 31 हजार 500 रुपये का चालान किया और उसे इंपाउंड कर लिया।
उप निरीक्षक सोहन सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# नव ज्योति शिक्षा सदन में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर-** खुबडू भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में सोमवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, कविता और मनोरंजक खेलों ने समां बांध दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि नए भविष्य की ओर बढ? का अवसर है और छात्र अपने परिवार, क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सीनियर विद्यार्थियों ने विद्यालय को सोलर पैनल भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए।

## नाले के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
**जिले** में कस्बा निसिंग के कैथल रोड पर नाले के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। राहगीरों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोच्युर्री में भेज दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार कैथल रोड से गुजर रहे लोगों की नजर सडक के किनारे नाले के पास पड़े व्यक्ति पर पड़ी। लोगों को पहले लगा कि वह बेहोश है, इसलिए उसे उठाने और आवाज देने की कोशिश की गई।

# रंगोत्सव थीम पर चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**वार्षिक उत्सव**

**कार्यक्रम का उद्देश्य सकारात्मक बदलाव, और व्यक्तित्व विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव रंगोत्सव थीम पर बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव, सामाजिक जागरूकता और व्यक्तित्व विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, संगीत और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से परिवर्तन का संदेश दिया, जिसमें शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को दशार्या गया। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। मुख्य अतिथि अरुण त्यागी चेयरमैन नगर पालिका गनौर, विशिष्ठ अतिथि निशांत छौक्कर, योगेश कौशिक वाईस प्रेजीडेंट मार्किट कमेटी,सरपंच नरेंद्र यादव,रविंदर धनखड़ निदेशक रतिराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंदर मलिक आदि शामिल रहे। निदेशक अजय यादव सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देते हैं। व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।

## कुत्ते ने बुजुर्ग महिला को काटा, मंडी में निजी काम से गई थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में आवारा कुत्तों का खतरा एक बार फिर सामने आया है। सोमवार को नई अनाज मंडी क्षेत्र में एक आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई, लेकिन इस घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।
घरौंडा के वार्ड नंबर 9 की रहने वाली 60 वर्षीय मूर्ति देवी सोमवार को नई अनाज मंडी में किसी काम से गई हुई थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते ने महिला की जांघ और टांग को बुरी तरह नोंच डाला। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते को भगाया।
कुत्ते के हमले को देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत बुजुर्ग महिला के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पहले महिला को घरौंडा के सरकारी अस्पताल लेकर गए।

# भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भ्रमण हो स्वदेशीः डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सामुदायिक संगठनों की सफलता उनके सुशासन, कामकाज की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के भाव पर निर्भर करती है। प्रभावी नेतृत्व ही संगठन को नई दिशा, ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन प्रदान करता है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में चल रहे सामुदायिक संगठन में शासन एवं नेतृत्व विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।
प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को सामुदायिक संगठनों के प्रभावी संचालन, पारदर्शी शासन व्यवस्था तथा सशक्त नेतृत्व के गुणों से अवगत कराना है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक कार्यों को अधिक दक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित कर सकें। कार्यक्रम के समन्वयक संस्थान के संकाय सदस्य डॉ. सुशील मेहता हैं। डॉ. सुशील मेहता ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों से संवाद किया। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में समुदाय आधारित संस्थाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। यदि नेतृत्व में ईमानदारी, संवेदनशीलता और दूरदर्शिता हो तो संगठन समाज में स्थायी एवं सार्थक बदलाव ला सकते हैं।
उन्होंने कहा कि कहा कि निरंतर सीखते रहने का अभ्यास ही व्यक्ति और संगठन दोनों को आगे बढ़ाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिनत निरंतर सीखना ही अच्छे नेतृत्व की वास्तविक पहचान है। हरियाणा में सात लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूह में सक्रिय हैं और प्रत्येक समूह की महिलाएँ प्रतिदिन किसी न किसी रचनात्मक कार्य में लगी हुई हैं। आज उनकी पहचान उनके कार्यों से बन रही है, जो अत्यंत सराहनीय है।
डॉ. चौहान ने कहा मातृशक्ति ही हमारी संस्कृति की असली संरक्षक है। महिलाओं के माध्यम से ही हमारी परंपराएँ, संस्कार और सामाजिक मूल्य सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएँ केवल आजीविका तक सीमित न रहें, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त होकर सफल कारोबारी भी बनें। साथ ही यह भी विचार करना आवश्यक है कि क्या हमारे स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक इकाइयाँ रहें या सांस्कृतिक संरक्षण के केंद्र भी बनें।
उन्होंने कहा कि तीज, गीता महोत्सव, महिला दिवस और सांझी महफिल जैसे आयोजनों में स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए, ताकि हमारी सांस्कृतिक ताकत अगली पीढ़ी तक जीवंत रूप में पहुँच सके।

# ताजपुर में सनातन शिक्षा गुरुकुल व गोवंश उपचार केंद्र के लिए भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** ताजपुर गांव में रविवार को श्री कृशिव अखाड़ा न्यास के तत्वावधान में महर्षि वेद व्यास पीठ सनातन शिक्षा गुरुकुल एवं गोवंश उपचार केंद्र के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई और उपस्थित संतों व ग्रामीणों ने धर्म कार्य की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में श्री कृशिव अखाड़ा के संस्थापक स्वामी पंकजाचार्य, साध्वी रेखा आचार्य व्यास, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच प्रमोद त्यागी, रघबीर सिंह, गुरदीप नैन तथा नंदकिशोर मुरथल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। भूमि पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर स्वामी पंकजाचार्य ने कहा कि गुरुकुल की स्थापना का उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और नैतिक शिक्षा से जोडना है। साध्वी रेखा आचार्य व्यास ने कहा कि शिक्षा और सेवा दोनों ही समाज निर्माण के आधार हैं।
गुरुकुल और गोसेवा केंद्र क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### हिस्ट्रीशीटर ओल प्रधान ने पुलिस को चकमा देकर किया आगरा कोर्ट में आत्मसर्मपण

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** हनीट्रैप मामले में फरह पुलिस ओल के हिस्ट्रीशीटर प्रधान को कई दिनों से तलाश थी। लेकिन उसने पुलिस को ही चकमा देकर आगरा की गैंगस्टर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने गैर-जमानती वारंट में सरेंडर के बाद उसे जेल भेज दिया गया। जबकि पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

आगरा के थाना जगदीशपुरा के गांव अंगूठी के रहने वाले किसान जगदीश सिंह ने एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। किसान का कहना था कि उसकी जमीन रेल विकास निगम ने अधिकृत की थी, जिसके एवज में उसे करीब 3.15 करोड़ रुपये मुआवजा मिला। मुआवजे की जानकारी सपना उर्फ राजबाला और उसके सहयोगी श्याम जाट निवासी औरंगाबाद मथुरा को हो गई।

इसके बाद दोनों ने उसे हनी ट्रैप में फंसाकर करीब 12 लाख रुपये वसूल लिए। दोनों ने षडयंत्र रचकर उसे 31 जनवरी को ओल बुलाया, जहां एक कमरे में उसे ग्राम पंचायत ओल का हिस्ट्रीशीटर प्रधान खूबी मिला। वह कमरे में ले गया और थोड़ी देर बाद खूबी प्रधान ओल चौकी प्रभारी कपिल कुमार और मुख्य आरक्षी चालक राकेश को लेकर कमरे पर आया।

पुलिसकर्मी उसे महिला से दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर चौकी ले गए, वहां मुकदमा का भय दिखाकर एक लाख रुपये वसूल लिए, चार लाख रुपये देने के एवज में कार खड़ी करवा ली। पुलिस इस मामले में सपना और श्याम जाट को जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि प्रधान ने आगरा कोर्ट में 11 फरवरी को आत्मसर्मपण कर दिया है। उस पर अछेनरा थाने से पूर्व में मामलों में वारण्ट जारी हुये थे। फरह पुलिस अब आगे की वैधानिक कार्रवाई करेगी।

### शहर में लगाई जाएंगी 1000 नई लाइटें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने रविवार को सार्वजनिक विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में महेंद्रगढ़ शहर के भविष्य के विकास खाके को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नगर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल टाउन बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है और आने वाले समय में शहर की तस्वीर पूरी तरह बदली हुई नजर आएगी। उनके अनुसार शुरूआती वर्षों में कई प्रशासनिक और तकनीकी अड़चनें सामने आईं, लेकिन अब परियोजनाएं गति पकड़ चुकी हैं और अधिकांश कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जा रहे हैं। चेयरमैन ने बताया कि शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। अब तक 2300 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि 1000 नई लाइटें शीघ्र पहुंचने वाली हैं। इसके अलावा 2000 और लाइटें लगाने की योजना तैयार की जा रही है, जिससे पूरे शहर में बेहतर रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का टेंडर पूरा कर वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है और एजेंसी को 60 दिनों के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहर में लंबे समय से बनी हुई पशु समस्या के समाधान को भी प्राथमिकता में रखा गया है। बंदरों को पकड़ने का अभियान जल्द शुरू किया जाएगा, जबकि आवारा कुत्तों के लिए होम शेल्टर तैयार किए जा रहे हैं। असहाय पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर रखने की योजना पर भी काम चल रहा है, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी। विधायक कंवर सिंह के सहयोग से शहर को योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने के लिए एक प्रोफेशनल एजेंसी नियुक्त की गई है, जिसने पांच किलोमीटर क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार के लिए 95 प्रतिशत सर्वे पूरा कर लिया है। चेयरमैन ने बताया कि हाल ही में विधायक के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात के दौरान शहर के लिए बड़े प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि यदि ठोस परियोजनाएं लाई जाती हैं तो बजट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। भविष्य की प्राथमिकताओं में शहर में आधुनिक ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, पार्किंग व्यवस्था और हुड्डा पार्क का विकास शामिल है। नगरपालिका की आय बढ़ाने के लिए लंबे समय से अटके शॉपिंग कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट को भी जल्द सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पूरा होने पर नगर पालिका को करोड़ों रुपये की आमदनी होगी, जिसे शहर की बुनियादी सुविधाओं पर खर्च किया जाएगा।

# 13 मार्च को हांसी रैली में उमड़ेगा जन सैलाब : दिग्विजय चौटाला

**बैठक**

दिग्विजय सिंह चौटाला ने जाट धर्मशाला हांसी में जिले के कार्यकताओं की बैठक ली।



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी):झ** 13 मार्च को जेजेपी सुप्रीमो डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्म दिवस पर हांसी में आयोजित जन चेतना रैली को लेकर जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने जाट धर्मशाला हांसी में जिले के कार्यकताओं की बैठक ली। इस बैठक में आगामी 13 मार्च को हांसी की अनाजमंडी में आयोजित होने वाले पार्टी रैली के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में जिले भर के सभी पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई।

कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा देश व प्रदेश की मौजूदा सरकारों ने लोकतंत्र का गला घोंट कर किसान, कमेरे व युवा वर्ग की आवाज को दबाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हांसी रैली में भारी संख्या में पहुंचने वाला हर युवा, बुजुर्ग, माता व बहनें 2029 में सत्ता परिवर्तन का सदेंश देने वाले हैं। इस रैली के माध्यम से ही निरंतर मजबूत हो रही जजपा का कुनबा बढ़ाने का भी काम करेंगे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में किसान व आमजन का लगातार शोषण किया जा रहा है।

प्रदेश के अन्दर आज किसान का सबसे ज्यादा शोषण किया जा रहा है। अपराध चरम सीमा पर हैं। आए दिन व्यापारियों को धमकी दी जाती है और सरकार मौन है। हर रोज मर्डर हो रहे हैं। प्रदेश का युवा बदलाव चाहता है। युवा को रोजगार की जगह लाठियां खानी पड़ रही हैं। हालात यह हैं कि कांग्रेस का अता पता नहीं है, विपक्ष की भूमिका भी जेजेपी निभा रही है। जिससे प्रभावित होकर आज सैकड़ों युवाओं व अनेकों महिलाओं ने हिसार में जेजेपी का दामन थामकर पार्टी में विश्वास जताया है। इन सभी ने अन्य दलों को छोडकर अपनी आस्था दुष्यन्त चौटाला में जताई है।

दिग्विजय चौटाला ने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि भारी संख्या में रैली में पहुंचे। आपकी तादाद से प्रदेश के अन्दर जेजेपी की सरकार बनेगी।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार देश और प्रदेश में लोगों को बांटने का काम कर रही है कभी भाजपा धर्मवाद के नाम पर तो कभी सांप्रदायिकता के नाम पर लड़ाने का काम करती है परन्तु देश और प्रदेश जागरूक

## धनाना में कुश्ती दंगल में पहलवानों ने लगाए दाव-पेंच

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना, बलराम**

शिवनगरी धनाना में महाशिवरात्रि पर आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दाव-पेंच लगाते हुए अपनी ताकत दिखाई। कुश्ती दंगल गांव स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर के परिसर में हुआ। विजेता खिलाडि?ों को उद्योगपति घनश्याम तायल ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमारे राष्ट्र का गौरव हैं। हर युवा को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अवश्य प्रतिभागिता करनी चाहिए। कुश्ती दंगल की पहली कुश्ती गांव कथूरा के पहलवान परमजीत और गांव धनाना के पहलवान आशीष में कांटे की टक्कर के बाद बराबर रही। दूसरी कुश्ती जतिन गोहाना और मेहर सिंह अखाड़ा के पहलवान लड्डू के बीच हुई। यह कुश्ती पहलवान लड्डू ने अपने नाम कर ली। दंगल की तीसरी कुश्ती गांव बली ब्राह्मणान स्थित योगेश्वर दत्त अखाड़ा और अतुल अखाड़ा के पहलवानों के बीच हुई। विजेता पहलवानों को उद्योगपति घनश्याम तायल, कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना, पंजाब पुलिस में डीएसपी सतीश कुमार, बिजेंद्र शास्त्री, डॉ. राममेहर राठी, सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार, सोमबीर जाटायन, रमेश शर्मा, बलबीर शास्त्री, पहलवान रणबीर सिंह, पहलवान विजय और जगदीश जाटायन ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## इनेलो ही निभा रही है विपक्ष की भूमिका:

**महावीर शर्मा**

**सिरसा(रणबीर खटक)**इंडियन नेशनल लोकदल के जिला प्रेस प्रवक्ता महावीर शर्मा ने कहा कि हरियाणा में सभी वर्गों के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने में इनेलो ही सही मायने में विपक्ष की भूमिका निभा रही है। सोमवार को जारी बयान में इनेलो जिला प्रवक्ता महावीर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार चौधरी देवीलाल की ओर से बुजुर्गों के सम्मान में जो 100 रुपए मासिक पेंशन आरंभ की थी, उसे भाजपा ने काटा था, उसे इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने बुजुर्गों का अपमान समझा और शासन को अपनी गलती न सुधारने की एवज में बुजुर्गों के साथ राज्यव्यापी आंदोलन करने को चेताया था। उसी चेतावनी से भयभीत होकर भाजपा ने अविलंब प्रदेशभर के करीब 70 हजार बुजुर्गों के खातों में उनकी पेंशन डालने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। साथ ही जिन परिवारों के पीले कार्ड काटे गए थे,



उन्हें भी बहाल कर दिया। ये सीधे तौर पर इनेलो की जनहित के पक्ष में कार्य करने के सिद्धांत की जीत है। इनेलो प्रेस प्रवक्ता ने बताया कि इससे पूर्व देशभर में कौन नहीं जानता कि किसानों के खिलाफ लाए गए तीन काले कानूनों के विरोध में हरियाणा विधानसभा से अकेले अभय सिंह चौटाला ने ही इस्तीफा देकर यह सिद्ध किया था कि वे ही सही मायने में किसानों के सच्चे हितैषी हैं।

## भांडोर ऊंची में सरसों खेत दिवस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ ।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को अनुसूचित जाति उप परियोजना के अंतर्गत गांव भांडोर ऊंची में सरसों खेत दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजक एवं पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र यादव ने बताया कि इस खेत दिवस में किसानों को उन्नत किस्म आरएच 725 के विभिन्न उन्नत कृषि क्रिया एवं उनमें लगने वाली बीमारियों जैसे तना गलन, सफेद रतवा के लक्षण एवं उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान केंद्र वैज्ञानिक डॉ. राजपाल यादव ने किसानों को मिट्टी एवं पानी की जांच की उपयोगिता के बारे में जरूरी जानकारी दी तथा वैज्ञानिक डॉ. आशीष शिवरान ने किसानों को उचित मात्रा में रासायनिक खादों एवं पानी के उचित प्रबंधन, पोषक तत्वों आदि के बारे में अवगत करवाया।

## समाधान शिविर में किया जा रहा है जन समस्याओं का निवारण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (शुभम खटक)**

हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में स्थानीय स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीडीपीओ बलजीत सिंह ने आमजन की शिकायतें सुनीं। शिविर में 4 शिकायतें आई और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ बलजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर समाधान



शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों का आयोजन करने का मकसद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीर हों और जो भी समस्याएं समाधान शिविर में आती हैं, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान करें ताकि कोई भी नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में वंचित न रहे और नागरिकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक इन समाधान शिविरों में पहुंच कर अपनी समस्याओं का निवारण करवा सकते हैं।

## एसपी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की

**प्राथमिकता**

नशा तस्करी के नेक्सस को तोड़ना एवं महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा.(शुभम.खटक)**पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने आज पुलिस लाइन सिरसा के प्रशासनिक भवन में जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों,थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारियों के साथ बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए । नशा तस्करी के नेक्सस को तोड़ने एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में और तेजी लाएं तथा आमजन से मैत्रिपूर्ण व्यवहार कर आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसे । नशे जैसी समाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए आमजन का सहयोग लें और उन्हें नशे के खिलाफ अभियान में बढ़चढ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें । उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के कारोबारियों व नशे में सजायाप्ता लोगों की प्रॉपर्टी का ब्यौरा जुटाकर,नशे की काली कमाई से अर्जित की गई सम्पति को अटैच करवाने की प्रक्रिया को तेज करें । इस अवसर पर बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारियों से कहा कि पीएम विंडो,सीएम विंडो व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर उच्च अधिकारियों को समय पर जबाव भेजें तथा थाना में आए फरियादियों की फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं । उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सावधानी व सतर्कता बरतें और अधिक से अधिक पुलिस चेकिंग व गश्त बढाई जाएं ताकि गृहभेदन व वाहन चोरी जैसी घटनाओं की पुनरावृति को रोका जा सकें । उन्होंने कहा कि नशा तस्करी एंव अन्य आपराधिक वारदातों में संलिप्त लोगों की सूची बनाकर उनकी धर-पकड़ सुनिश्चित करें । उन्होंने बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारियों से कहा कि मादक पदार्थों तस्करी में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संपति विरुध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला सिरसा की सीमाओं के साथ लगती राजस्थान व पंजाब राज्य की सीमाओं पर स्थापित नियमित नाकों के अलावा अन्य मार्गो पर भी औचक नाकाबंदी कर आने जाने वाले लोगों तथा वाहनों की बारीकी से चेकिंग करें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें ।

## कांवड़ियों पर हमला: पथराव से कांवड़ खंडित

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** धर्मनगरी मथुरा में कांवड़ लेकर जलाभिषेक को जा रहे श्रद्धालुओं पर हमला कर माहौल खराब करने की कोशिश का मामला सामने आया है। थाना राया क्षेत्र के गांव ढ़गोई में कुछ लोगों द्वारा कांवड़ियों को रोककर गाली-गलौज, मारपीट और पथराव किए जाने का आरोप है। पत्थर लगने से कांवड़ खंडित हो गई, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सोनू और उनके परिजन ऋषि कांवड़ लेकर मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। मंदिर के निकट पहुंचते ही उन्हें रोक लिया गया और विवाद खड़ा कर दिया गया। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई और पथराव से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

पीड़ित पक्ष ने इसे सुनियोजित हमला बताते हुए थाना राया में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि आस्था पर चोट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों को चिन्हित कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि मथुरा की शांत फिजा खराब करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

घटना के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## हकेवि में 34वें एनईपी अभिमुखीकरण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित 34वाँ एनईपी अभिमुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम सोमवार दिनांक 16 फरवरी 2026 को शुरू हुआ। आगामी 25 फरवरी 2026 तक चलने वाला यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में परिणामोन्मुखी अनुसंधान, नवाचार तथा शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नवीन तकनीकों-विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन अधिगम को अपनाकर शोध एवं अध्यापन की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना चाहिए।

## हिमालयी पशुपालक विरासत से रूबरू हुए हकेवि के विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के समाजशास्त्र विभाग के 30 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने ऋषिकेश के समीप गंगा भोगपुर टल्ला स्थित राजाजी रिट्रीट में आयोजित तीन दिवसीय ह्यगोजरी भैंस-ए शेयर्ड हेरिटेज ऑफ द हिमालयाज (गुज्जरन-गो-कारज)ह्य जैव-सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता की।



यह महोत्सव संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित के ह्यइंटरनेशनल ईयर ऑफ रेंजलैंड्स एंड पास्टोरलिस्ट्स (आईवाईआरपी) 2026ह्य के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य वन गुज्जर समुदाय और स्वदेशी गोजरी भैंस के बीच स्थापित गहरे पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों का उत्सव मनाना था। महोत्सव में पशुपालक इतिहास, वनाधिकार और सतत आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न संवाद सत्रों में हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में जैव-विविधता संरक्षण, चारागाहों के स्वास्थ्य और खाद्य व जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण पशुपालन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत पारंपरिक बैंठ लोकगीत और नुक्कड़ नाटक ने ट्रांसह्यूमंट जीवनशैली की वास्तविकताओं को जीवंत किया।

संवाद सत्रों में प्रख्यात पारिस्थितिकीविद् रवि चेलम सहित वन गुज्जर समुदाय के प्रतिनिधि शमशाद, आफरीन और मीर हमजा ने जलवायु परिवर्तन, महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान तथा वन नीतियों के प्रभाव जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए।

## आमटी झील के आसपास के क्षेत्र में तुरंत चलाए विशेष सफाई अभियान: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी**

**( दिनकर गावड़ी):झ** सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने जन समस्याएं सुनी। शिविर में नारनौंद के एसडीएम विकास यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



एसडीएम राजेश खोथ ने समाधान शिविर में प्रस्तुत समस्याओं को एक-एक कर गंभीरता से सुना और कई शिकायतों का मौके के पर ही समाधान किया। बाकी कई शिकायतों के समाधान के लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान कर संबंधित आवेदक को सूचित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने पाली गांव की प्राथमिक पाठशाला में बने आंगनबाड़ी केंद्र भवन को लेकर प्रस्तुत शिकायत के संबंध में पंचायती राज, विकास एवं पंचायत विभाग तथा महिलाएं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भवन का दौरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि भवन को कंडम करवाने या इसकी मरमत करवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जा सके। उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 17 की गली नंबर 3 में सीवरेज लाइन को दुरुस्त करवाने को लेकर प्रस्तुत समस्या के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौका मुआयना कर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से घिराय गांव में लीकेज जल आपूर्ति पाइपलाइन को ठीक करने के निर्देश भी दिए गए।

एसडीएम राजेश खोथ ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमटी झील के आसपास के क्षेत्र में तुरंत विशेष सफाई अभियान चलाया जाएं। एसडीएम ने विकास कार्यों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह डडल पार्क के निकट बन रही सड़क में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सैंपल भरवाना तथा जांगड़ा धर्मशाला के पीछे निर्माण अधीन गली का लेवल चेक करने के निर्देश दिए।

सिसाय कालीरामण गांव की महात्मा गांधी बस्ती में पाइप लाइन बिछाने को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि आगामी दो दिनों के अंदर मौका मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कालीरामण गांव के ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया कि गांव में पशुपालन विभाग की एक बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है। इस बिल्डिंग को पशुपालन विभाग को हैंड ओवर करवाया जाए और स्टाफ भी इस बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाए। इस पर एसडीएम ने कहा कि जल्द ही उचित कार्यवाही की जाएगी।

## नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृंदावन की करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन पर कब्जे की आशंका को लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

गोवर्धन रोड से लिंक मार्ग पर गांव बाकलपुर मौजा स्थित खसरा नंबर 34 (रकबा 0.4130 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 36 (रकबा 0.5180 हेक्टेयर) की बंजर कृषि योग्य भूमि को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, करीब 15 से 20 करोड़ रुपये मूल्य की इस सरकारी जमीन पर बिल्डर द्वारा कॉलोनी विकसित करने की आड़ में कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि संबंधित क्षेत्र में ह्यश्री वृंदाह्य नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही है। कॉलोनी के चारों ओर बिल्डर ने निजी किसानों से जमीन खरीद ली है, लेकिन परियोजना के लिए उपयुक्त मुख्य मार्ग उपलब्ध नहीं है। ऐसे में नगर निगम की फ्रंट जमीन, जो लिंक रोड से सटी हुई है, उस पर नजर गड़ाए जाने की आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि कॉलोनी के विकास के दौरान बिल्डर द्वारा नगर निगम की जमीन पर गेट निर्माण शुरू कर दिया गया है, जिसे स्थानीय लोग अवैध मान रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मथुरा में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के लिए भूमाफिया अक्सर अवैध पट्टे तैयार कराते हैं और बाद में सिविल न्यायालय में वाद दाखिल कर स्टे आदेश हासिल कर लेते हैं। इससे सरकारी जमीन लंबे समय तक विवादों में फंस जाती है और प्रशासनिक कार्रवाई ठप पड़ जाती है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम की ओर से समय रहते सीमांकन और तार फेंसिंग नहीं कराए जाने से ऐसे तत्वों को मौका मिल रहा है।

वहीं नगर निगम की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि निगम पहले ही जमीन का स्पष्ट सीमांकन कराकर सुरक्षा इंतजाम करता तो मौजूदा स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

## न्यूज फ्लैश

### विश्वकर्मा चौक के पास पीवीसी कारोबारी का शव दुकान में फंदे से लटका मिला, क्षेत्र में हड़कंप



**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** शहर के विश्वकर्मा चौक के निकट एक युवा पीवीसी पैनल कारोबारी का शव उसकी ही दुकान में फंदे से लटका मिलने से सोमवार सुबह क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कैंप क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय विवेक कांबोज के रूप में हुई है, जो विश्वकर्मा चौक पर पीवीसी पैनल की दुकान चलाता था।

परिजनों के अनुसार विवेक रविवार सुबह रोज की तरह दुकान पर गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने कई बार उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, मगर कॉल का कोई जवाब नहीं मिला। कुछ समय बाद मोबाइल भी बंद हो गया। इसके बाद परिवार ने उसे हर संभावित स्थान पर तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

सोमवार सुबह जब परिजन विश्वकर्मा चौक स्थित दुकान के पास से गुजर रहे थे तो उन्होंने देखा कि दुकान का शटर आधा खुला हुआ है। अंदर जाकर देखा तो विवेक का शव फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही थाना गांधी नगर के एसएचओ राजपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जाएगी तथा दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांच के दायरे में ली जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

बताया जा रहा है कि विवेक दो बच्चों का पिता था और परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा क्षेत्र में शोक की लहर है।

### सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा आगे -राज सिंह गोदारा



**इंद्री, 16 फरवरी (मैनपाल कश्यप )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राज सिंह गोदारा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे आमजन में खुशी का माहौल है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोदारा ने बताया कि किसानों, युवाओं, महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करते हुए प्रदेश को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। यही कारण है कि प्रदेश में विकास परियोजनाएं तेजी से जमीन पर उतर रही हैं और जनता का भरोसा सरकार पर मजबूत हुआ है। राज सिंह गोदारा ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और सरकार की नीतियां प्रदेश को और सशक्त बनाएंगी।

# जवानों को हृदय गति रुकने पर व्यक्ति की जान बचाने के लिए सीपीआर का दिया प्रशिक्षण



**सिरसा.(शुभम.खटक).**एसपी दीपक सहारन के निर्देशानुसार आज बरनाला रोड़ स्थित पुलिस लाइन सिरसा में सर्वेश हेल्थ सिटी हॉस्पिटल हिसार की डॉक्टर दिव्या गोयल की एक टीम ने सिरसा पंहुचकर पुलिस जवानों को सड़क दुर्घटना या अचानक कार्डियक अरेस्ट (हार्ट फेल) की स्थिति में समय पर मरीज को प्राथमिक सहायता देकर किसी व्यक्ति की कीमती जान बचा सकती है । डॉक्टर दिव्या गोयल ने उपस्थित पुलिस जवानों को बताया कि ऐसी हृदय गति रुकने या आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत और सही कदम उठाना बेहद आवश्यक होता है । कार्डियक अरेस्ट होने पर हृदय अचानक धड़कना बंद कर देता है,जिससे शरीर और मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह रुक जाता है। यदि तुरंत मरीज को सीपीआर शुरू किया जाए, तो मरीज के बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सबसे पहले मरीज की प्रतिक्रिया जांचें । उसके कंधे थपथपाकर पूछें, ह्लक्या आप ठीक हैंह्व यदि कोई प्रतिक्रिया न मिले और सांस या धड़कन महसूस न हो,तो तुरंत एम्बुलेंस या स्थानीय आपातकालीन नंबर पर कॉल करें । इसके बाद मरीज को किसी सख्त और सपाट जगह पर पीठ के बल लिटाएं और उसके पास घुटनों के बल बैठ जाएं । सीपीआर देते समय अपने एक हाथ की हथेली को दूसरे हाथ से पकड़कर मरीज की छाती के ठीक बीच में रखें। कोहनियां सीधी रखते हुए छाती को कम से कम 2 इंच गहराई तक दबाएं । प्रति मिनट 100 से 120 बार की गति से जोरदार और तेज गति से छाती को दबातें रहें । यदि आप प्रशिक्षित नहीं हैं, तो केवल अपने हाथों से छाती को लगातार तेजी से दबाने की प्रक्रिया को जारी रखें । यदि प्रशिक्षित हैं, तो 30 बार छाती दबाने के बाद 2 बार कृत्रिम सांस दें । यह प्रक्रिया तब तक जारी रखें जब तक मरीज में हलचल न हो जाए या मेडिकल सहायता मौके पर न पहुंच जाए । डॉक्टर ने बताया कि हार्ट अटैक या दुर्घटना की स्थिति में ह्लगोल्डन मिनट्सह्व अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं । उन्होंने बताया कि समय पर दिया गया सीपीआर मस्तिष्क को ऑक्सीजन पहुंचाकर स्थायी क्षति से बचा सकता है। डॉ दिव्या गोलय ने बताया कि सीपीआर का बुनियादी प्रशिक्षण प्रत्येक व्यक्ति को होना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की हृदय गति रुकने एवं आपात स्थिति में निडर होकर मदद करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि किसी किमती जान को बचाया जा सके। डॉ. दिव्या गोयल ने पुलिस जवानों को बताया कि आपकी ड्यूटी के दौरान यदि सड़क दुर्घटना या अन्य आपात स्थिति का सामना करना पड़े तो तुरंत मरीज को प्राथमिक सहायता देकर जान बचाई जा सकती है । जागरूकता और तत्परता ही जीवन रक्षा की कुंजी है।

### बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : आरती सिंह राव



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी उद्देश्य के तहत स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने, आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने और प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण उपचार पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक सेवाओं का विस्तार कर रही है ताकि किसी भी नागरिक को उपचार के लिए भटकना न पड़े। साथ ही जनजागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं और आपातकालीन सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त प्रदेश का निर्माण करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कोई निर्माण या कार्य पेंडिंग नहीं होना चाहिए। मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और स्वास्थ्य सेवाएं लोगों तक सुलभ और पारदर्शी तरीके से पहुंचे।

### बेटी की शादी में सरकार देगी 51 हजार रुपये का कन्यादान

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार द्वारा श्रमिकों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से कन्यादान योजना संचालित की जा रही है, योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों के परिवारों को बेटी के विवाह पर 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत आवेदन फार्म संख्या 12 एवं विवाह सर्टिफिकेट राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होना अनिवार्य है। इसके साथ ही दूल्हा एवं दुल्हन की आयु के प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रतियां आवेदन फार्म के साथ संलग्न करनी होंगी। निर्धारित आयु सीमा के अनुसार दुल्हन की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा दूल्हे

## मनोविज्ञान विषय पर किया विशेषज्ञों ने मंथन

**कार्यशाला**

**▸▸ इस कॉन्क्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों का दृष्टिकोण और अधिक विस्तृत होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय साइकोलॉजी कॉन्क्लेव 2026 शुरू हुआ। इसमें मनोविज्ञान क्षेत्र के कई विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और विविध आयामों पर चर्चा की। मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप विषय पर आयोजित कार्यशाला में भारतीय मनोविज्ञान, आत्म-संकल्पना, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण और प्रमुख मनोवैज्ञानिकों के योगदान पर मंथन किया गया। ट्रांजिट कैंपस की निदेशक प्रोफेसर सुजाता शाही एवं डीन प्रोफेसर सुचित्रा वशिष्ठ ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रोफेसर सुजाता शाही ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन से मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय पर चर्चा के लिए बड़ा मंच मिला है। इससे विद्यार्थियों को अकादमिक तौर पर भी काफी लाभ मिलेगा। डीन प्रोफेसर सुचित्रा वशिष्ठ ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए समाज जागरूकता भी आवश्यक है। इस कॉन्क्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों का दृष्टिकोण और अधिक विस्तृत होगा। कॉन्क्लेव में डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज, मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर नवीन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने भारतीय मनोविज्ञान, आत्म-संकल्पना, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण और प्रमुख मनोवैज्ञानिकों के योगदान पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन में आने वाली मानसिक दिक्क्तों से अवगत करवाया। कार्यशाला में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर शालिनी सिंह ने शैक्षणिक परिवेश में संरचित, प्रमाण-आधारित मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों के महत्व को रेखांकित किया, ताकि छात्रों में उदारता, भावनात्मक नियमन और स्पर्धात्मक क्षमता बढ़े। कॉन्क्लेव में बहु-विषयक आयाम जोड़ते हुए मैटकनेक्ट कंसल्टिंग की प्रबंध निदेशक डॉ. अपराजिता प्रसाद ने मनोविज्ञान पर अपने अनुभव साझा किए। सत्र में ओंटारियो, कनाडा स्थित स्वास्थ्य पेशेवर श्रिया वशिष्ठ भी ऑनलाइन शामिल हुईं। सत्र का मुख्य केंद्र छात्रों द्वारा सामना की जाने वाली मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों की जांच करना और मनोसामाजिक तथा व्यक्तिगत क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अर्थपूर्ण, प्रमाण-आधारित मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों की पहचान करना था।

### खेल नर्सरी के लिए अब 22 तक करें आवेदन

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
खेल विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल नर्सरी योजना 2026-2027 के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सरकारी स्कूल, ग्राम पंचायत व निजी शिक्षण संस्थानों में खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए 15 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, अब तारीख को आगे बढ़ाते हुए 22 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं।

जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि खेल नर्सरी के लिए केवल ओलम्पिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित चुनिंदा खेलों के लिए नर्सरियां खोली जाएंगी। सभी पात्र, विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप संबधित वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटहरियाणास्पार्टसॉटजीओवीडॉटइन पर समय रहते अपना आवेदन करना सुनिश्चित करें ताकि खेल नर्सरी आबंटन के लिए प्रक्रिया पूरी की जा सके। 8 से 19 वर्ष की आयु के खिलाडियों का होगा चयन खेल नर्सरियों में 8 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाडियों का चयन जिला खेल अधिकारी की निगरानी में खेल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक खेल नर्सरी में न्यूनतम 20 एवं अधिकतम 25 खिलाड़ी होंगे, जबकि 10 खिलाडियों की प्रतीक्षा सूची रखी जाएगी। खिलाडियों की संख्या 20 से कम होने पर नर्सरी को बंद कर दिया जाएगा।

## किशोर की हत्या के मामले में गुहला पुलिस द्वारा आरोपी गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला क्षेत्र में 11 फरवरी की शाम को छात्रों के दो गुटों के झगड़े में हुई किशोर नवराज की हत्या करने के मामले की जांच थाना गुहला पुलिस के सब इंस्पेक्टर ईश्वर की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रामथली निवासी 18.5 वर्षीय लवप्रीत उर्फ लब्बी गुहला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि लवप्रीत और पक्की पिसौल निवासी विनीत के बीच वालीबाल का मैच खेलते समय स्कूल में विवाद हो गया था। इसके बाद विनीत और लवप्रीत ने अपने-अपने दोस्तों को बुला लिया था। रामथली से लदाना चक्कू माइनर के पास हुए विवाद में चाकू लगने से खरकां निवासी नवराज की मौत हो गई थी। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही 4 नाबालिग सहित 5 आरोपी पकड़े जा चुके है। आरोपी लवप्रीत मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है। इससे पहले पकड़े गए आरोपियों में गांव रामथली निवासी 16 और 17 वर्षीय दो नाबालिग, लदाना चक्कू निवासी 16 वर्षीय नाबालिग, खरकां निवासी 17 वर्षीय नाबालिग और डेरा खरकां निवासी 20 वर्षीय नवजोत शामिल है। चार नाबालिगों को पहले ही बाल सुधार गृह करनाल और नवजोत को जेल में भेज दिया गया है। इसके साथ ही उक्त मामले में गिरफ्तार होने वाले युवकों की संख्या 6 हो गई है। मृतक के परिवार में पसरा है सन्नाटाः उक्त घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक के परिवार में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक का संस्कार कर दिया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। लोग बड़ी संख्या में आकर मृतक नवराज के परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।



**जांच**

**▸▸ मृतक का संस्कार कर दिया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया**

## ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुरक्षा सरकार और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : आरती राव

**स्वास्थ्य जांच**

**▸▸ जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहे हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पलवल जिला के गांव छांयसा में पीलिया और हेपेटाइटिस संक्रमण हुई मृत्यु से संबंधित पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि गांव छांयसा में पीलिया और हेपेटाइटिस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सरकार और जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव कदम उठाए गए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा गांव में लगातार स्वास्थ्य जांच की जा रही है और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सके। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहे हैं। पानी की जांच करवाई गई है और गांव में क्लोरिन का छिडकाव करवाया गया है। उन्होंने कहा कि गांव में ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुरक्षा सरकार और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है, स्वास्थ्य विभाग की टीमें 24 घंटे गांव में सक्रिय है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सुई हेपेटाइटिस फैलने का प्रमुख कारण है। एक बार इस्तेमाल होने वाली सिरिंज का दोबारा प्रयोग बिल्कुल न करें और इलाज केवल पंजीकृत डॉक्टर से ही करवाएं।

### 19 पेड़ों की नीलामी 25 फरवरी को

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत डिफेंस एस्टेट्स ऑफिसर, बठिंडा सर्किल द्वारा एयर फोर्स स्टेशन सिरसा में स्थित 19 हरे/खड़े विभिन्न प्रकार के पेड़ों की सार्वजनिक/स्पॉट नीलामी की जाएगी। जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार यह नीलामी 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। नीलामी में कुल 19 पेड़ शामिल हैं, जिनमें 15 नीम और 4 बबूल के पेड़ शामिल हैं। नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को 2,500 रुपये की अरनेस्ट मनी डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के रूप में डिफेंस एस्टेट्स ऑफिसर, बठिंडा के पक्ष में जमा करवानी होगी।

## लाखों रुपए की 47 ग्राम 39 मिलीग्राम हेरोइन सहित 2 युवक काबू



**सिरसा(शुभम-खटक)**पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की दो पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से दो युवकों को लाखों रुपए की 47 ग्राम 39 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर राधे श्याम ने बताया कि सेल की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान पुरानी मस्जिद नोहरिया बाजार सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी । इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल सवार एक नौजवान युवक आता हुआ दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर आरोपी युवक दीपक उर्फ दीप लाल पुत्र श्रवण कुमार निवासी वार्ड.नंबर 24 गऊशाला मोहल्ला सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 40 ग्राम 23 मिली ग्राम हेरोइन बरामद हुई । वहीं एक अन्य घटना में सेल की दूसरी पुलिस टीम गश्त के दौरान नोहरिया बाजार में मौजूद थी । इस दौरान सामने गली में से बाइक सवार एक युवक आता दिखाई दिया उक्त युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक अपनी बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस ने आरोपी युवक सौरभ उर्फ भईया पुत्र दारा राम निवासी ट्यूवैल वाली गली नोहरिया बाजार थैहड़ मोहल्ला सिरसा को गिरफ्तार कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 16 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शहर थाना पुलिस को सौंपी गई है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

## चाइनीज मांझा बेचने या इस्तेमाल करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश



**सिरसा (शुभम.खटक).**एसपी दीपक सहारन ने कहा कि चाइनीज मांझा मानव जीवन,पशु-पक्षियों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है । इसके कारण सड़क हादसे, जानलेवा चोटें और पक्षियों की मौत जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं । उन्होंने स्पष्ट किया कि सिरसा पुलिस जन-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस पर पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है । प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने, रखने या इस्तेमाल करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । एसपी दीपक सहारन ने आम नागरिकों से अपील की कि वे पतंगबाजी के लिए केवल साधारण सूती डोर का ही उपयोग करें और यदि कहीं चाइनीज मांझा का प्रयोग या बिक्री दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें,ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर किसी भी अनहोनी को रोका जा सके । उन्होंने कह कि जन-सुरक्षा, पशु-पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हरियाणा सरकार द्वारा चाइनीज मांझा के उत्पादन,बिक्री,आपूर्ति एवं इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया दिया है ।

पतंग उड़ा रहे हैं तो संभल जाइए अगर आप चाइनीज मांझे का प्रयोग कर रहे हैं,तो यह मत समझिए हवा में उड़ती पतंग को कोई देख नहीं रहा है,पुलिस अब पतंगों का पीछा करते हुए आपके घर तक पहुंचेगी । पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि पुलिसकर्मी देखेंगे कि आप कौन सा मांझा इस्तेमाल कर रहे हैं । जांच में यदि चाइनीज मांझा मिला तो आपको न सिर्फ सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा । हवा में उड़ रही पतंगों की जांच के लिए सिरसा पुलिस शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार नजर बनाए हुए । पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिला के सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के बाजारों में प्रतिबंधित चाइना डोर की बिक्री को रोकने तथा अवैध रूप से चाइना डोर की बिक्री व इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश किए गए हैं।

### हकेवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 27 फरवरी से

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ आगामी 27 एवं 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 का भव्य आयोजन करने जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार तथा संरक्षक समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा हैं। आयोजन में रक्षा अनुसंधान एवं के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य प्रो. जी. सतीश रेड्डी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुशील शर्मा** पुत्र सुगम चंद शर्मा निवासी मकान नं. 3962, छिपटवाड़ा मोहल्ला, पुराने पुलिस स्टेशन के पास, रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 6/2024 धारा 498ए/406/34 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुशील शर्मा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुशील शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 6/2024 धारा 498ए/406/34 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुशील शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.03.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री दिव्याश्री रैना,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम),
महिला कोर्ट–04, कमरा नं. 252,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2086/OD/2026

एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 फरवरी 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों से असम में भाजपा के पक्ष में सकारात्मक वातावरण: उप मुख्यमंत्री साव

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज सोमवार को अपने दो दिवसीय असम प्रवास पर रवाना हुए। साव असम विधानसभा चुनाव तैयारियों की बैठक में शामिल होंगे। इससे पहले वे नवा रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि, डबल इंजन की सरकार ने असम में तेज गति से विकास कार्य किए हैं। इससे राज्य विकसित प्रदेश की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**विकसित प्रदेश**
**डबल इंजन की सरकार ने असम में तेज गति से विकास कार्य किए हैं। इससे राज्य विकसित प्रदेश की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा**




आज असम अशांति के दौर से बाहर निकलकर शांति और स्थिरता का वातावरण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ प्रदेश को मिला है, जिससे असम की तरक्की और समग्र विकास को नई गति मिली है। इसी कारण यहां भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सकारात्मक माहौल बना है। हम सभी असम के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

**विकास पर बल**
**अब नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। देश और प्रदेश के विकास के लिए निकला मुक्त होना आवश्यक है : साव**

देश में सिर्फ तीन जिले नक्सल प्रभावित रहने के सवाल पर साव ने कहा कि, मोदी सरकार बनने के बाद ठोस और मजबूती से कार्रवाई हुई है। इससे अब नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि, देश और प्रदेश के विकास के लिए निकला मुक्त होना आवश्यक है। परिणाम लोगों के सामने हैं। नक्सली थोड़े से जगह में बच गए हैं। इस जगह से भी नक्सलियों का सफाया होना तय है। साव ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों पर कहा कि, चुनाव आयोग ने एक व्यापक अभियान चलाकर एसआईआर की प्रक्रिया पूरी की है। अब सारी प्रक्रिया होने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने जा रहा है। इससे मतदाता सूची में शुद्धता आएगी। ये लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

# परंपरा और तकनीक के संगम से सशक्त होगा युवा भारत: मुख्यमंत्री भजनलाल

**नवाचार**
**आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार, तकनीक भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता**




**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार, तकनीक और भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, ताकि युवाओं को रोजगार के साथ-साथ सुदृढ़ चरित्र निर्माण का अवसर मिल सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे युवाओं की ऊर्जा और क्षमताओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करें। मुख्यमंत्री सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी हो, जिसमें वेदों के ज्ञान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता की समझ, संस्कृत श्लोकों के साथ कोडिंग की भाषा तथा योग-ध्यान के साथ रोबोटिक्स और नैनो टेक्नोलॉजी का समावेश हो। समागम की थीम अंतर-संस्थागत विकास पर संवाद को उन्होंने अत्यंत प्रासंगिक बताया। शर्मा ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह जनसांख्यिकीय शक्ति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में निर्णायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा को गुणवत्ता युक्त और रोजगारपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1.54 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इस वर्ष एक लाख सरकारी भर्तियों का कैलेंडर जारी किया गया है। साथ ही दो लाख से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार, साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण तथा दो लाख से अधिक युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 351 परीक्षाएं आयोजित की गईं और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 65 आई-स्टार्टअप लॉन्चपैड नेस्ट, 17 नवीन खेलो इंडिया केंद्र, 71 नए राजकीय महाविद्यालय, 185 महाविद्यालय भवनों का लोकार्पण तथा छात्राओं को लगभग 40 हजार स्कूटियों का वितरण किया गया है। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि तक्षशिला और नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों की परंपरा आज भी प्रेरणास्त्रोत है। भारतीय ज्ञान परंपरा वैश्वीकरण के इस दौर में भी उतनी ही प्रासंगिक है।

## 351 परीक्षाएं आयोजित की गईं और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ: मुख्यमंत्री भजनलाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 351 परीक्षाएं आयोजित की गईं और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। समारोह में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि समागम में संस्थागत विकास, फ्यूचर रेडी फैकल्टी, भारत आधारित शोध, भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और तकनीक आधारित उच्च शिक्षा के भविष्य जैसे विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रबुद्धजन एवं देशभर से आए शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की केमिकल पटाखा फैक्ट्री में आग, 7 मजदूरों की मौत

**भयावह**
**धमाकों और आग की लपटों के बीच फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला**




**टीम एक्शन इंडिया**
**अलवर।** भिवाड़ी की खुशखेड़ा कारोली की एक केमिकल और पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। धमाकों और आग की लपटों के बीच फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक सात लोगों की झुलसने से मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि एक मजदूर के अब भी अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद भिवाड़ी, खुशखेड़ा, तिजारा, धारूहेड़ा, रेवाड़ी सहित कई जगह की दमकल मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा विधानसभा से घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आज सुबह करीब 9.30 बजे तेज धमाके की आवाज के साथ देखते ही देखते आग ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्टरी में ज्वलनशील केमिकल और पटाखा सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से फैल गई। मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसा का है। रीको? के फायर अधिकारी राजू खान ने बताया कि घटनास्थल से अब तक सात शव मिल चुके हैं। हादसा इतना भयावह था कि कई शव बुरी तरह झुलस गए। रेस्क्यू टीम को बॉडी पार्ट्स प्लास्टिक बैग में इकट्ठा करने पड़े। प्रशासन ने मृतकों की शिनाख्त के लिए डीएनए जांच कराने की बात कही है। जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। फैक्टरी में सुरक्षा मानकों की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# छगः अब चार जिले ही नक्सल प्रभावित, शेष नक्सल मुक्त घोषित



**टीम एक्शन इंडिया**
**जगदलपुर:** छत्तीसगढ़ के अब चार जिले ही नक्सल प्रभावित हैं, शेष सभी जिले नक्सल मुक्त घोषित हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से केवल तीन जिले सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर ही नक्सल प्रभावित माने गए हैं। इसी के साथ गरियाबंद जिले को भी इस सूची में रखा गया है। केंद्र सरकार की जारी की गई ताजा सूची के अनुसार बस्तर के सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर को छोड़कर शेष जिलों को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। गरियांबंद जिले को नक्सल प्रभावित सूची में रखा गया है। अब देश भर में केवल 6 जिले ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। यह फैसला नक्सल उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक माना जा रहा है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने सोमवार को बताया कि भारत

**नक्सल प्रभावित**
**बस्तर संभाग में अब केवल तीन जिले सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर ही नक्सल प्रभावित**

सरकार की नई सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ में बस्तर के तीन जिलों सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के अलावा गरियाबंद जिला को भी नक्सल प्रभावित माना गया है। वहीं, दूसरे राज्यों से अन्य दो जिले शामिल किए गए हैं। इस तरह अब देश में कुल छह जिलों को अंतिम और निर्णायक नक्सल विरोधी अभियान के लिए पूरी तरह चिन्हित कर लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने इन क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह शिकंजा कसने की रणनीति तैयार कर ली है।

# हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करना है: सीएम साय

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शासन की योजनाओं और मोदी की गारंटी की सफलताओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सक्रिय हों। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है। सच्ची सेवा भावना के साथ हमें एक शक्तिशाली और समृद्धशाली भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने आज सोमवार को




राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संयुक्त बैठक की प्रदेश कार्यसमिति बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके देशभर में 14 करोड़ कार्यकर्ता और प्रदेश में 60 लाख सदस्य व 80 हजार सक्रिय कार्यकर्ता हैं। युवा,

**संकल्प**
**हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है : सीएम साय**

महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुँचना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने मात्र दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। आज हर पंचायत में औसतन 300 मकान बन रहे हैं और 10 लाख से ज्यादा परिवारों का गृह प्रवेश हो चुका है। छत्तीसगढ़ में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीद 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। होली के पहले 25.24 लाख किसानों के खातों में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि जमा की जाएगी। इसी प्रकार महिला सशक्तीकरण के दृष्टिगत ह्यमहतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक माताओं को प्रति माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं।

# टीम इंडिया की जीत के नायक ईशान के नवादा घर मे बजे ढोल -नगाड़े



**टीम एक्शन इंडिया**
**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के लाल ईशान-किशन द्वारा रविवार रात भारत-पाकिस्तान के बीत संपन्न हुए टी-20 क्रिकेट मुकाबले में मैन ऑफ द मैच चुने जाने पर उनके गृह जिले नवादा में जश्न का माहौल बन गया। पुराने जेल रोड स्थित उनके पैतृक आवास पर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच लोगों ने खुशियां मनाईं और मिठाइयां बांटीं।

# राजद ने लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना का उठाया मुद्दा

**पूछे सवाल**
**ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर नोडल एजेंसी बनाने की प्रक्रिया में थोड़ी देर होने की जानकारी दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार विधान परिषद में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सदस्य सौरभ कुमार ने सरकार से सवाल किया कि चुनाव से पहले लगभग 12 लाख प्रधानमंत्री आवास देने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक केवल 2 लाख 80 हजार आवास ही पूरे हो पाए हैं। लगभग 9 लाख आवासों का पैसा अभी लंबित है। सौरभ कुमार ने कहा कि कई गरीबों ने अपने घर की छत तोड़ दी है, लेकिन अब उनके घर बनाने के लिए पैसा नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आवास योजना के लिए समय पर पैसा नहीं दे रही है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसी बीच महिला रोजगार योजना के तहत ढाई लाख महिलाओं को 2,500 करोड़ रुपये की राशि दी गई। यदि वही राशि आवास योजना में दी जाती, तो गरीबों के घर बन जाते। इस पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने जवाब दिया कि राजद सदस्य की चिंता कहीं और है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है, यह कहना सही नहीं है।

विलंब राज्य सरकार की तरफ से हुआ है। मंत्री ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर नोडल एजेंसी बनाने की प्रक्रिया में थोड़ी देर होने की जानकारी दी। मांग पर 91 करोड़ रुपये केंद्र सरकार की ओर से जारी भी किए गए हैं। मंत्री ने आश्वस्त किया कि 31 मार्च तक और राशि स्वीकृत कर दी जाएगी।

# मध्य प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को किया जाए प्रोत्साहित: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण के दिशा में हो रहे बेहतर कार्य के परिणाम स्वरूप प्रदेश में वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में मानव-वन्य जीव सह अस्तित्व को प्रोत्साहित करने के लिए जनता को जागरूक करने तथा उन्हें आवश्यक सतर्कता बरतने के उपायों की जानकारी देना आवश्यक है। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा पर्यटन विभाग से समन्वय करते हुए प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में हुई मध्य प्रदेश



राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 31वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्कूली बच्चों को वन और वन्य जीवों से परिचित कराने के लिए संचालित किऐ जा रहे अनुभूति कार्यक्रम का विस्तार करने और इस गतिविधि में अधिक से अधिक शालाओं को शामिल करने की आवश्यकता बताई। बैठक में वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव संदीप यादव सहित वन विभाग के अधिकारी और वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश से अन्य राज्यों को वन्य जीव

**बैठक**
**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मध्य प्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक**

उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके बदले में उन राज्यों से भी वन्य जीव मध्यप्रदेश लाए जाएं। इससे प्रदेश में वन्य जीवों की विविधता बढ़ेगी। उन्होंने वन्य जीव प्रबंधन में अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और बेस्ट प्रेक्टिसेस को अपनाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थाओं को जोड़कर वन और वन्य जीव के संबंध में अध्ययन प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन क्षेत्र में विद्यमान पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की श्रेष्ठ व्यवस्था हो, वन और पुरातत्व विभाग तथा इस क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं की कार्यशाला भी आयोजित की जाए। बैठक में प्रदेश में बढ़ रही हाथियों की संख्या को दृष्टिगत करते हुए हाथियों पर केंद्रित पर्यटन गतिविधियां संचालित करने के संबंध में चर्चा हुई। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने हाथी प्रबंधन पर विश्वविद्यालय द्वारा आलेख लेखन का प्रस्ताव रखा।

# आरएलएसडीसी गठन पर पूर्व सीएम असोक गहलोत ने साधा सरकार पर निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान लॉजिस्टिक सर्विस डिलीवरी कॉरपोरेशन (आरएलएसडीसी) के गठन को लेकर भजनलाल सरकार पर निशाना साधा है। इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि उनकी सरकार ने प्रदेश के लाखों ठेका कर्मियों को शोषण से मुक्त कराने के उद्देश्य से आरएलएसडीसी के गठन का ऐतिहासिक निर्णय किया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इस पहल को आगे नहीं बढ़ाया।



गहलोत ने लिखा कि इस निगम का मुख्य उद्देश्य प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत हजारों कार्मिकों को पूरा मानदेय दिलाना तथा ईपीएफ और ईएसआई जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना था।